ISSN (p) : 2394-3912
ISSN (e) : 2395-9369

त्रैमासिक 12(2) अप्रैल-जून, 2025

Technical articles are peer reviewed

www.kahaar.in

कहार

जनविज्ञान की बहुभाषाई पत्रिका

त्रैमासिक, 12(2) अप्रैल-जून, 2025

KAHAAR

A Multilingual People Science Magazine

प्रकाशक

प्रोफेसर एच.एस. श्रीवास्तव फाउण्डेशन फॉर साइंस एण्ड सोसाइटी, लखनऊ
(www.phssfoundation.org)

सह-प्रकाशक

पृथ्वीपुर अभ्युदय समिति, लखनऊ (www.prithvipur.org)

धारणीय कृषि एवं पर्यावरण केंद्र को मिली नई रफ्तार : किसानों की त्रैमासिक बैठक में उत्साहजनक सहभागिता

18 मई, दिन रविवार को उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले के देवा ब्लॉक में स्थित अकटहिया गाँव में प्रो. एच.एस. श्रीवास्तव फाउंडेशन की तरफ से चल रहे 'धारणीय कृषि एवं पर्यावरण केंद्र' के अंतर्गत त्रैमासिक किसान बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य बहुस्तरीय मचान खेती, पोषण वाटिका, फल बागान, स्थानीय नेतृत्व निर्माण तथा गाँव के "ज्ञान विज्ञान ग्रामीण पुस्तकालय" के सामाजिक महत्व पर किसानों एवं युवाओं से संवाद स्थापित करना था।

Technical articles are peer reviewed

कहार

जनविज्ञान की बहुभाषाई पत्रिका

त्रैमासिक, 12(2) अप्रैल–जून, 2025

A Multilingual People Science Magazine

प्रधान संपादक
प्रोफेसर राणा प्रताप सिंह, लखनऊ

कार्यकारी सम्पादक
श्री कृष्णानन्द सिंह, लखनऊ

सह–सम्पादक
प्रोफेसर शिल्पी वर्मा, लखनऊ
डॉ. रूद्र प्रताप सिंह, आजमगढ़
डॉ. धीरेन्द्र पाण्डेय, लखनऊ
श्री शुभम अभिषेक, धनवाद
श्री मेराज उद्दीन सिद्दीकी, लखनऊ
डॉ. अर्चना सिंह, ब्रैनफोर्ड (यू.एस.ए.)
श्री सुनीत कुमार यादव, मऊ
श्री आशीष सिंह, लखनऊ

सम्पादक मण्डल
प्रोफेसर राकेश सिंह सेंगर, मेरठ
डॉ. पीयूष गोयल, नई दिल्ली
डॉ. सुमन कुमार सिन्हा, गोरखपुर
डॉ. सुधाकर तिवारी, कुशीनगर
डॉ. अनुज कुमार सक्सेना, सीतापुर
श्री आकाश वर्मा, लखनऊ

सलाहकार मण्डल
प्रोफेसर सरोज कान्त बारिक, लखनऊ
प्रोफेसर प्रफुल्ल वी. साने, जलगाँव
डॉ. राम सनेही द्विवेदी, लखनऊ
डॉ. वेदप्रकाश पाण्डेय, बालापार, गोरखपुर
डॉ. सी. एम. नौटियाल, लखनऊ
प्रोफेसर शशि भूषण अग्रवाल, वाराणसी
डॉ. एस. सी. शर्मा, लखनऊ
डॉ. रूद्रदेव त्रिपाठी, लखनऊ
प्रोफेसर रणवीर दहिया, रोहतक
प्रोफेसर एन. रघुराम, दिल्ली
डॉ. मनोज कुमार पटैरिया, नई दिल्ली
डॉ. सिराज वजीह, गोरखपुर
प्रोफेसर मालविका श्रीवास्तव, गोरखपुर
डॉ. निहारिका शंकर, नोएडा
डॉ. संजय सिंह, झांसी
श्री उपेन्द्र प्रताप राव, दुदही
इं. तरूण सेंगर, कारमेल, (यू.एस.ए.)
डॉ. पूनम सेंगर, चण्डीगढ़
श्री अविनाश जैसवाल, दुदही

आवरण फोटो
श्री प्रकाशवीर सिंह, लखनऊ
प्रबंध–संपादक
श्री अंचल जैन, लखनऊ
सोशल मीडिया
श्री रणजीत शर्मा, लखनऊ
श्री योगेन्द्र प्रताप सिंह, लखनऊ
टाइप सेटिंग और प्रोडक्शन
श्री जावेद अहमद, लखनऊ

घोषणा

लेखक के विचार से कहार टीम का सहमत होना जरूरी नहीं हैं। किसी रचना में उल्लेखित तथ्यात्मक भूल के लिए 'कहार' की टीम जिम्मेदार नहीं होगी।

लेखकों के लिए

वैचारिक रचनाओं में आवश्यक संदर्भ भी दें एवम् इन संदर्भों का विस्तार रचना के अंत में प्रस्तुत करें। अंग्रेजी रचनाओं का हिन्दी तथा हिन्दी सहित अन्य भाषाओं की रचनाओं का अंग्रेजी या हिन्दी में सारांश दें। मौलिक रचनाओं के के साथ रचना के स्वलिखित, मौलिक एवम् अप्रकाशित होने का प्रमाण पत्र दें। लेखक पासपोर्ट साइज फोटो भी भेजें। रचनाएँ English के Times New Roman (12 Point) और हिन्दी में मंगल/यूनिकोड में कन्वर्ट कर के भेजें। तस्वीर अलग से और फिगर नंबर के साथ भेजे।

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :–

Rs. 6000/- Full Page (B/W) **Rs. 4000/- Half Page (B/W)**
Rs. 10000/- Full Page (Color) **Rs. 6000/- Half Page (Color)**
Rs. 15000/- Full Page (Color) Back Cover

सदस्यता / Subscription

रुपये 250/– प्रति कॉपी रुपये 1000/– वार्षिक
(पोस्टल चार्ज सहित)
Rs 250/ per copy and Rs 1000/ per annum (Including postal charges)
भुगतान हेतु चालान के लिए निम्न ईमेल पर सम्पर्क करें :
For Invoice of Payments Please contact on the following
Email : phssoffice@gmail.com

कार्यालय : 04, पहली मंज़िल, एल्डिको एक्सप्रेस प्लाजा, शहीद पथ, उतरेठिया, रायबरेली रोड, लखनऊ–226 025, भारत
ईमेलः kahaarmagazine@gmail.com/
dr.ranapratap.59@gmail.com
वेबसाइटः www.kahaar.in/www.kahaar.org (web portal)

अनुक्रमणिका (Content)

क्र.सं. / Sl. No.	विषय / Topics	लेखक / Author	पृष्ठ / Page
1.	मानव स्वास्थ्य एवं पोषण सुरक्षा में कदन्नों (मिलेट्स) का योगदान	*सुजाता सेठी एवं शिव मंगल प्रसाद*	1
2.	क्लाइमेट चेंज	*रणवीर सिंह दहिया*	2
3.	आंवला : प्रतिरक्षा कल्याण के लिए एक प्राकृतिक शक्ति वर्धक कैप्सूल	*मधु प्रकाश श्रीवास्तव*	3
4.	मृदा स्वास्थ्य कार्डः किसानों के लिए योजना	*शिवम सिंह, वी. पी. सिंह, महेंद्र प्रताप सिंह, ऋचा रघुवंशी, चंद्रकांत चौबे और शक्ति ओम पाठक*	6
5.	पृथ्वी पर शिव के प्रतिनिधि हैं.. पेड़–पौधे	*अज्ञात*	8
6.	जल संरक्षण में भारतीय ज्ञान परम्परा	*मंजुल त्रिवेदी, अरविन्द कुमार सिंह एवं आदित्य आभा सिंह*	9
7.	सृजनात् निर्माणपर्यन्तम् (संस्कृत काव्य)	*गणेश शंकर बाजपेयी*	11
8.	योग और योग दिवस	*गिरीश पाण्डेय, IRS*	12
9.	भोजपुरी के भवभूति पं0 धरीक्षण मिश्र (भोजपुरी आलेख)	*सुधाकर तिवारी*	15
10.	सफलता की कहानी किसान की जुबानी	*पार्थ प्रतीक एवं रुद्र प्रताप सिंह*	19
11.	म्हारी सेहत (हरियाणवी गीत)	*रणवीर सिंह दहिया*	20
12.	भोजपुरी भित्ति–चित्रकला क सौन्दर्य आ नया–नया जतन (भोजपुरी आलेख)	*वंदना श्रीवास्तव*	21
13.	भोजपुरी लोग (भोजपुरी कविता)	*राणा प्रताप सिंह*	24
14.	Sustainable Solutions for Global Land Degradation: Natural Farming Perspectives	*Riha Kumari, Shubham Abhishek and Bhanu Pandey*	25
15.	Reduce, Reuse and Recycle: Organic Waste	*Pankaj Srivastava, Shikha Munjal, Preetam Singh Gour and Nitin P. Singh*	35
16.	Mitigating Global Warming Through Earth Science: Geological Strategies	*Bodhisatwa Hazra, Chinmay Sethi and Prasenjeet Chakraborty*	39
17.	The Hidden Dangers of Rapidly Ripened Bananas in India	*Kartik Kota*	43
18.	Soil Pollution from Mining Activities: Impact on Living Organisms	*Bodhisatwa Hazra, Prasenjeet Chakraborty and Chinmay Sethi*	45
19.	Operational Research: During World War- II	*Dr. Praphull Chhabra*	50
20.	Navigating Legal and Ethical Challenges in Organ Transplantation	*Sarthak Chandra, Pradeep Kumar, Abhijit Prasad Misra and Sunil Babu Gosipatala*	51
21.	Traditional Knowledge for Crop Cultivation in India: Need for Mainstreaming the Concept	*Dr Dharmendra Dugaya*	58

सम्पादकीय

जीवन में मिट्टी और मिट्टी में जीवन

जब हम खड़े होते हैं, तो हमारे पांव मिट्टी पर ही टिकते हैं। अगर हमारे पाँवों तले मिट्टी नहीं होती तो हम खड़े भी नहीं हो पाते। हालाँकि हम जब कहते हैं, कि यह मिट्टी के मोल है, तो ऐसा आभास होता है, कि मिट्टी का तो जैसे कोई मोल ही नहीं है। लेकिन ऐसा नहीं है। मिट्टी अनमोल है। मिट्टी ना हो तो पेड़–पौधों की जड़े कहाँ फैलेगी। हमारे पाँव ही नहीं, बल्कि सारे पशुओं, कीड़े–मकोड़ें, वनस्पतियों, फसलों और वृक्ष–लताओं के पाँव भी जमीन से ही ताकत पाते हैं।

पृथ्वी पर मिट्टी इस ग्रह के चट्टानों के टूटने से धीरे–धीरे करोड़ों वर्षों में बनी है। चट्टान पृथ्वी की कसमसाहट से भी टूटते हैं। हवा, पानी, और तेज धूप के झकोरों से भी, और मिट्टी में रहने वाले असंख्य सूक्ष्म जीवों तथा कीड़े–मकोड़ों की अपनी जैविक क्रियाओं से भी। चट्टान टूटकर कंकड़–पत्थर और कंकड़ पत्थर घिसते–घिसते अलग–अलग आकार कणों–कणों वाली मिट्टी की तहें बनाते रहते हैं। सबसे बारीक मिट्टी की तह ऊपर होती है, और नीचे मोटी मिट्टी, फिर छोटे–बड़े कंकड़–पत्थर और फिर पृथ्वी की सबसे भीतरी तह में चट्टानें होती हैं।

मिट्टी से हमारा और पेड़–पौधे और सूक्ष्म जीवाणुओं का अर्थात सभी का पोषण होता है। ये हरे पेड़–पौधे मिट्टी में उपस्थित घुलनशील अकार्बनिक खनिज तत्वों जैसे नाइट्रोजन,सल्फर, मैग्निशियम कॅल्शियम, पोटैशियम,मैगजीन, बोरान और बहुत से ऐसे ही खनिज तत्वों की अधिक या कम मात्रा को अपने छिद्रों में छिपे पानी में घुलनशील अवस्था में छिपाए रहते हैं, जिसे पौधों की जड़े अवशोषित करती हैं। पेड़–पौधों के हरे पत्ते सूरज से ऊर्जा, पृथ्वी से पानी, और हवा से कार्बन डाइऑक्साइड लेकर ग्लूकोज नाम का कार्बनिक पदार्थ बना लेते हैं। ग्लूकोज एक शर्करा है, और शर्करा के कई प्रकारों में बदलते हुए वह अमीनो अम्ल, प्रोटीन, वसा, विटामिन, रंग दवाएं और अनेकों तरह के अपने लिए उपयोगी पदार्थ निर्मित करते रहते हैं, जो उनके भी काम आते हैं, हमारे भी काम आते और पृथ्वी का सभी जीव जंतुओं का जीवन उसी से चलता है। पृथ्वी तंत्र की इंजीनियरिंग इतनी अनूठी है, कि कार्बन डाइऑक्साइड को सोख कर ग्लूकोज बनाने की प्रक्रिया में यही पेड़–पौधे पानी को तोड़कर पर प्राण वायु ऑक्सीजन को हवा में मुक्त कर देते हैं, और सभी प्राणी इसी ऑक्सीजन को सांसों में भरकर अपना जीवन चलाते हैं। सब अपने भोज्य पदार्थों को इसी पानी तथा प्राण वायु से तोड़कर ऊर्जा प्राप्त करते है और अपने जीवन का संचालन करते हैं।

हम पेड़–पौधों और वनस्पतियों को बेरहमी से नष्ट करते हुए भूल जाते हैं, कि हमारा जीवन संचालन उन्हीं के ऊपर टिका हुआ है। अगर वे नहीं होंगे, तो हम भी नहीं होंगे इस पृथ्वी पर।

मिट्टी में बसने वाले करोड़ों–करोड़ सूक्ष्म जीव भी मिट्टी की तरह ही अनमोल होते हैं। वे पेड़–पौधों के लिए खनिज पदार्थ हवा से या मिट्टी से उपलब्ध कराते हैं, और अपने लिए भोजन तलाशते हुए, सभी अजीवित सड़ी–गली कार्बनिक चीजों को तोड़कर उन्हें अकार्बनिक खनिजों में बदलते रहते हैं। इसी कार्बनिक और अकार्बनिक के चक्र में पृथ्वी–तंत्र और उसकी जीवंतता तथा कार्य प्रणाली बँधी है। और इसी पृथ्वी–तंत्र से हम सब का जीवन बंधा हैं। जो सूक्ष्मजीव अजीवित कार्बनिक वस्तुओं को तोड़कर अपना भोजन नहीं ले पाते, वे जीवित वनस्पतियों, प्राणियों और मनुष्यों में प्रवेश कर उनकी जीवित कोशिकाओं से अपना भोजन लेते है, और उन्हे रोग ग्रस्त कर देते।

मिट्टी, पानी, हवा, सूक्ष्मजीव, आकाश, ताप, ठंढ, हरियाली और धूप सब कुछ एक दूसरे से जुड़ा हुआ है ,और यही सब हमारे जीवन का वाहक है।

हमने अपनी सुख–सुविधाओं के लालच में कारखाने में वस्तुएं बनाते हुए जहरीली गैसों और जहरीले कचरे से मिट्टी, पानी, हवा, वनस्पतियों, पशुओं और अपने स्वयं के शरीर को इतना विषाक्त कर दिया है, कि अब बढ़ते अस्पताल, डॉक्टर,दवाएं और मशीन भी बेबस दिखने लगे हैं। इस पर विचार करने की जरूरत है। कोई कहीं अकेले नहीं रह सकेगा। मिट्टी, पानी, हवा, भोजन और पृथ्वी के सभी साधनों पर सबका समान अधिकार है। न सिर्फ मनुष्यों का, पशुओं का भी, पक्षियों का भी, वनस्पतियों का भी, कीड़ों–मकोड़ों का भी और सूक्ष्म जीवों का भी। प्राकृतिक संसाधनों का बंटवारा सिर्फ परिवारों प्रदेशों और देश में नहीं होना,न सिर्फ पूरी मानवता तक में होना है, वास्तव में यह समूचे पृथ्वी–तंत्र में होना है।

जब जागे, तभी बिहान। हम नहीं जागे, तो हम भी विशालकाय डायनासोर और विशाल छिपकलियों की तरह समाप्त हो जाएंगे। पृथ्वी हमारी माता है, और मिट्टी उसकी थाती। माता अपने सभी संतानों का ख्याल रखती है। जो उदंडता की सीमा पार कर जाए, उसे घर से निकालने में हिचकिचाती नहीं माताएं। हमें पृथ्वी के घर में रहना है, तो पृथ्वी–तंत्र के साथ अनुकूलन करना ही होगा। आज यह याद रखना जरूरी है।

राणा प्रताप

(राणा प्रताप सिंह)

Editorial

Soil in life and life in soil

When we stand, our feet rest on the soil. If there was no soil, we would not be able to stand. When we say that this is the value of soil, it seems as, if soil has no value. But it is not so, soil is priceless. If there was no soil, the roots of trees and plants would not spread anywhere. Not only us, but the feet of all animals, insects, plants, crops and trees and creepers also get strength from the soil.

The soil on the earth is formed slowly over millions of years by the breaking of the rocks of this planet. Rocks also break due to the movement of the earth. Rocks also break due to the wind, water, and strong sunlight and also due to the biological activities of the innumerable micro-organisms and insects living in the soil, which break the rocks into pebbles and stones, and pebbles and stones keep on rubbing and forming layers of soil with hard particles of different shapes. The thinnest layer of soil is on top, and below that is the thick soil, then small and big pebbles and stones and then rocks in the innermost layer of the earth.

Trees, shrubs, herbs and microbes are nourished in the soil. These green trees and other plants are provided with the soluble inorganic mineral elements present in the soil such as nitrogen, sulphur, magnesium, calcium, potassium, manganese, boron and many such mineral elements to plants and microbes. These minerals are hidden in the tiny pores of soil in a water-soluble form, which the roots of the plants absorb and convert into an organic substance called glucose by taking energy from the sun, water from the earth and carbon dioxide from the air. Glucose is a sugar, and while converting into many types of sugar, green trees and plants keep on producing amino acids, proteins, fats, vitamins, colours, medicines and many other useful substances which are useful to them as well as to us and the life of all living creatures on earth is sustained by it. The engineering of the earth system is so unique that in the process of absorbing carbon dioxide and making glucose, these trees and plants break down water and release oxygen in the air, and all living beings live their lives by breathing this oxygen, and obtain energy by breaking down food items from this water and oxygen.

While destroying trees and plants ruthlessly, we forget that our survival depends on them. If they were not there, we would also not be able to live on earth.

The millions of micro-organisms living in the soil are also as precious as the soil. They make minerals available to the trees and plants from the air or soil, and while searching for food for themselves, they break down all the non-living, rotten organic things and convert them into inorganic minerals. The earth system and its liveliness are tied up in this cycle of organic and inorganic. And the lives of all of us are tied up. Soil, water, air, microbes, sky heat, cold, greenery and sunlight, everything is connected to each other, and all these are the carriers of our life.

While making things in factories in greed for our own comforts, we have poisoned the soil, water, air, vegetation, animals, and our own bodies so much. The poisonous gases and toxic wastes, that now are increasing with increasing hospitals, doctors, medicines. But also increase in our health management system and machines also seem helpless. There is a need to think about it. No one will be able to live alone anywhere. Everyone has equal rights on soil, water, air, food and all the resources of the earth. Not only humans, but also animals, birds, plants, insects, and microbes have right to use earth's resource as its child. The distribution of resources should not be only among families, states, and countries, not only among the entire humanity, in fact it must be available for the proper earth's system.

When we wake up, morning will come. If we do not wake up, we will also be finished like giant dinosaurs and giant lizards. Earth is our mother, and soil is her skin. Mothers take care of all their children. Mothers do not hesitate to throw out of the house, those who cross the limit of destroying. If we want to live in the house of the Earth, then we must adapt to the earth system. It is important to remember today.

Rana Pratap

(Rana Pratap Singh)

स्वास्थ्य एवं पोषण

समकक्ष समीक्षित

मानव स्वास्थ्य एवं पोषण सुरक्षा में कदन्नों (मिलेट्स) का योगदान

सुजाता सेठी[1] एवं शिव मंगल प्रसाद[2]*

कदन्नों का महत्त्व उनमें उपलब्ध पोषक तत्वों एवं कुपोषण की समस्या के हल के लिए सम्पूर्ण आहार के रूप में तो है ही साथ ही साथ इन्हें जलवायु परिवर्तन के दौर में उपयुक्त फसल भी कहा जा सकता है। वैसे हरित क्रांति के पूर्व मानव के भोजन एवं पोषण का यह एकमात्र स्रोत था। पौष्टिकता के अतिरिक्त इसके सूखा सहन करने की क्षमता, कीटों तथा बीमारियों के प्रति प्रतिरोधक गुण, कम जल उपयोग से पर्याप्त उपज देने की विशिष्टता, कम अवधि की परिपक्वता इत्यादि खूबियों के कारण हमारे देश ने वर्ष 2018 को 'राष्ट्रीय कदन्न वर्ष' के रूप में मनाया। हमारे देश के प्रस्ताव के अनुरूप संयुक्त राष्ट्र (यूनाइटेड नेशनस) ने वर्ष 2023 को 'अंतर्राष्ट्रीय कदन्न वर्ष' घोषित किया है। भारत सरकार ने कदन्नों की उत्पादन को बढावा देने के लिए इनके न्यूनतम समर्थन मूल्य को बढ़ा दिया है, लोकसभा एवं राज्यसभा के कैन्टीन में भी मिलेट से बने व्यंजन बहुत ही चाव से खाये जा रहे हैं।

कदन्नों (मिलेटस) की खेती का महत्व

कम अवधि, कम पूँजी और कम देख–रेख में तैयार होना, विभिन्न जलवायु परिस्थितियों और वर्षापात वाले जगहों पर भी आसानी से उगाये जाने के कारण यह जलवायु परिवर्तन का भी सामना करने के लिए अनुकूल है।

अनाज के दानों, तैयार होने की अवधि और पौधों के गुणों के आधार पर मिलेट्स दो प्रकार के होते हैं–

- मेजर मिलेट (इंडियन मिलेट– ज्वार,पर्ल मिलेट– बाजरा, फिंगर मिलेट/रागी –मडुआ, प्रोसो मिलेट–चीना एवं फॉक्सटेल मिलेट–कंगनी)।
- माइनर मिलेट (कोदो मिलेट– कोदो,लिटिल मिलेट– कुटकी, ब्राउन टॉप मिलेट– छोटी कंगनी, बार्न यार्ड मिलेट–साँवाँ इत्यादि)।

भारत के अनेक राज्यों जैसे राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, गुजरात, मध्य प्रदेश, कर्नाटका, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश एवं तेलंगाना में मिलेट की खेती की जाती है। ये राज्य मिलकर मिलेट उत्पादन का लगभग शत–प्रतिशत योगदान देते है।

मिलेट के पोषक मूल्य

मिलेट के दानों में तो अनेक प्रकार के आवश्यक पोषक तत्व, विटामिन, रेसे, वसा भरपूर मात्रा में पाए ही जाते हैं जो कि मानव शरीर के लिए अनेक प्रकार से फायदेमंद है साथ ही उनके पुआल (स्ट्रा) में भी बहुत ज्यादा पौष्टिकता होती है जो मवेशिओं के लिए लाभप्रद है।

पोषण से सम्बंधित अन्य जानकारियां

- मिलेट में 60–70% कार्बोहाइड्रेट, 6–12.5% प्रोटीन, 1.5–5.0% वसा एवं 2–7% रेशे के साथ–साथ अनेक विटामिन और खनिज भी प्रचुर मात्रा में होते हैं।
- ये विटामिन बी, मैग्नीशियम, मैंगनीज, फास्फोरस, लोहा और एंटीओक्सिडेंट का भी उत्कृष्ट श्रोत हैं।
- अन्य कुछ एमिनो एसिड को छोडकर सल्फरयुक्त एमिनो एसिड मेथिओनिन एवं सिस्टीन बहुत ज्यादा पाए जाते हैं।
- मिलेट की चोकर (छिलके) में भी नियासिन, फोलसिन, राईबोफ्लेविन एवं थाईमिन पाए जाते हैं जो उर्जा संशलेष्ण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं.
- मिलेट में ग्लूटेन नहीं पाए जाते हैं।

तालिका 1. मिलेट के पोषक मूल्य (प्रति 100 ग्राम खाद्य पदार्थ) – गोपालन इट.आल, 2004

पोषक तत्व/अनाज	बाजरा	ज्वार	मडुआ	कंगनी	चीना	साँवाँ	कोदो
उर्जा (किलो कलोरी)	361	349	328	331	341	397	309
प्रोटीन (ग्राम)	11.6	10.4	7.3	12.3	12.5	6.2	8.3
वसा (ग्राम)	5.0	1.9	1.3	4.3	4.7	2.2	1.4
कैल्सियम (मि.ग्राम)	42.0	25.0	344.0	31.0	17.0	20.0	27.0
लोहा (मि.ग्राम)	8.0	4.1	3.9	2.8	9.3	5.0	0.5
जिंक (मि.ग्राम)	3.1	1.6	2.3	2.4	3.7	3.0	0.7
थायमिन (मि.ग्राम)	0.33	0.37	0.42	0.59	0.21	0.33	0.33
रैबोफ्लाविन (मि.ग्राम)	0.25	0.13	0.19	0.11	0.01	0.10	0.09
फोलिकएसिड (मि.ग्राम)	45.5	20.0	18.3	15.0	9.0	–	23.1
रेशा (ग्राम)	1.2	1.6	3.6	8.0	7.6	9.8	9.0

[1]कृषि विज्ञान केन्द्र, कटक
[2]प्रमुख वैज्ञानिक (एग्रोनॉमी), केन्द्रीय वर्षाश्रित उपराउं भूमि चावल अनुसन्धान केन्द्र (ICAR-CRRI), पोस्ट बॉक्स सं0 48, हजारीबाग–825301, झारखण्ड (भा.कृ.अनु.प.–राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक, ओडिशा)
मेल smp_crri@yahooco.in

मिलेट के चिकित्सीय गुण

मिलेट में मौजूद चिकित्सीय गुणों का उपयोग कई प्रकार की बीमारियाँ जैसे–कैंसर, मधुमेह, हृदय रोगों के प्रबंधन में किया जाता है, बच्चों के शरीर के वृद्धि और विकास से सम्बंधित सिलिएक रोगों में भी इसका उपयोग किया जाता है। मधुमेह के प्रबंधन में रेशा युक्त भोजन लाभप्रद होता है जो कि मिलेट में अच्छी मात्रा में पाया जाता है। कुछ एंटीओक्सिडेंट फिनोल भी मधुमेह विरोधी प्रभाव डालते हैं।

डीजेनेरेटिभ बिमारियों में मिलेट का उपयोग

- उम्र के बढ़ने से अनेक प्रकारके डीजेनेरेटिभ (क्षयकारक) बिमारियों जैसे नसों, रीढ़ की हड्डी इत्यादि में विकार, पैरों में सूनापन, झंझनाहट को भी कुछ हद तक रोकता है।
- रक्तचाप का कम होना, हृदय रोगों ट्युमर के मामलों में भी मिलेट का सेवन लाभकारी पाया गया है।
- मिलेट एक क्षारीय भोजन है जो कि मानव शरीर में एक स्वस्थ पी एच संतुलन बनाये रखने में मदद करती है और यही गुण अच्छे स्वास्थ्य के लिए तथा बिमारियों को रोकने के लिए महत्वपूर्ण है।
- मिलेट मैग्नीशियम का अच्छा श्रोत है जो कि माईग्रेन और दिल के दौरे के प्रभावों को कम करने में सक्षम है।
- मिलेट फाइटो–केमिकल (फाइटिक एसिड)से भरपूर होता है जो कोलेस्ट्रोल कम करता है।

कदन्नों को हमारे पूर्वज अनाज के रूप में खाते थे और हट्टे–कट्टे, मजबूत और स्वस्थ रहते थे अभी भी विश्व के अनेक भागों में यह भोजन का मुख्य हिस्सा है। इनके द्वारा तैयार भात और रोटी देखने में उतने अच्छे नहीं होते अतः अभी के समय में आमजनों का भोजन चावल और रोटी हो गया है। लोगों के इन्हें पकाने की कम जानकारी, इनके द्वारा पहुचाये जाने वाले लाभों की कम जानकारी जैसी कुछ समस्याओं के कारण ये उपेक्षित फसल है। इन समस्याओं को विभिन्न प्रसंस्करण तकनीकों को अपनाकर जैसे परिशोधन, भिंगोना, अंकुरण, किण्वन, मिलिंग, माल्टिंग, भूनकर इनके गुणों को बढाया जा सकता है। अभी मल्टीग्रेन आटा का बहुत उच्च वर्ग के लोगों के बीच प्रचलन बढ़ा है, इन आटों में मिलेट का हिस्सा बहुत अहम् हो गया है। मिलेट से अनेक उत्पाद जैसे बिस्किट, माल्ट, चिला, केक, सूप, ढोकला, इडली, नान–खटाई, लड्डू, निमकी, हलवा, पौष्टिक रोटी और न जाने क्या–क्या बनाये जा रहे हैं। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के विभिन्न संस्थानों सहित विभिन्न राज्यों के कृषि विश्वविद्यालयों में भी इस पौष्टिक मिलेट की गुणवत्ता और कैसे बढ़ाई जाये, पर कार्य किये जा रहे हैं। सरकार तो प्रोत्साहन दे ही रही है क्योंकि सभी जानते हैं कि मिलेट के द्वारा कुपोषण की समस्या से छुटकारा प्राप्त किया जा सकता है।

हरियाणवी रागिनी

क्लाइमेट चेंज

रणवीर सिंह दहिया

इस क्लाइमेट चेंज नै ग्लोबल वार्मिंग बढ़ाई रै।।
पूरी दुनिया मैं देवै जलवायु प्रदूषण दिखाई रै।।

❖

वातावरण पै घणा कसूता इसनै असर दिखाया
जल यो पूरी दुनिया का प्रदूषित हुया बताया
जमीन तले के पाणी मैं कीटनाशक दवा पाई रै।।
पूरी दुनिया मैं देवै जलवायु प्रदूषण दिखाई रै।।

❖

कीटनाशक शरीर मैं घणे नुकसान करै कहते
कैंसर का प्रकोप घणा हम इसके करकै सहते
विकास यो टिक्या मुनाफे पै म्हारे नाश की राही रै।।
पूरी दुनिया मैं देवै जलवायु प्रदूषण दिखाई रै।।

❖

खेती आली धरती पै जलवायु संकट छाग्या भाई
इसकी उपज की ताकत पूरे तरियां खाग्या भाई
लागत बढ़ी पैदावार की कीमत थोड़ी थयाई रै।।
पूरी दुनिया मैं देवै जलवायु प्रदूषण दिखाई रै।।

❖

विकसित देश कार्बन नाइट्रोजन घणी छोड़ रहे
क्लाइमेट चेंज के फैंसले कसूती ढालां तोड़ रहे
रणबीर इब जनता नै पड़ै कमर कसनी भाई रै।।
पूरी दुनिया मैं देवै जलवायु प्रदूषण दिखाई रै।।

❖

पी–27, इन्द्रप्रस्थ कालोनी, सोनीपत रोड, रोहतक–124001
ईमेल : dahiyars@rediffmail.com

स्वास्थय

समकक्ष समीक्षित

आंवला : प्रतिरक्षा कल्याण के लिए एक प्राकृतिक शक्ति वर्धक कैप्सूल

मधु प्रकाश श्रीवास्तव

आंवला या भारतीय चेरी यूफोरबिएसी कुल का पौधा है। इसका वैज्ञानिक नाम एम्बालिका आफसीनेलिस है। भारतीय बाजार का यह एक मुख्य लाभदायक फल है। भारत के विभिन्न क्षेत्र में इसे अलग–अलग नाम से जाना जाता है जैसे हिन्दी में आंवला, संस्कृत में आंवलिका या धातरी बंगाली में, उड़ीसा में आवंताकि, मलयालम में नैली, तमिल में आवलकामू, पाचवी में अवोलफल कहा जाता है। पौराणिक काव्य जैसे रामायण, कदम्बरी, चरक संघमित्र आदि में इसे इसकी औषधि गुण के कारण अमृत फल कहा गया है। आंवला का वृक्ष कठोर होने के कारण सभी प्रकार की भूमि में उगाया जा सकता है। प्रति हेक्टेर में 15–20 टन तक इसका उत्पादन किया जा सकता है। इसके द्वारा कई उत्पाद तथा आयुर्वेदिक दवाईयां बनाई जाती है। इसलिए इसको 21वीं शताब्दी का सबसे महत्वपूर्ण फल घोषित किया गया है। हिन्दू मत के अनुसार कहा गया है कि रोज एक आंवला खाने से शरीर के सारे रोग मिट जाते हैं।

क्षेत्र तथा वितरण

आंवला का पेड़ भारत, ईरान, ईराक, पाकिस्तान, चीन, मलापा तथा प्रनाम आदि देश में मिलता है। भारत में यह मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश के रायबरेली, जौनपुर, ईटावा, प्रतापगढ़, कानपुर, आगरा, मथुरा में मिलता है। 15,000 हेक्टेयर की भूमि में लगभग 1.50 लाख टन तक इसका उत्पादन होता है।

भूमि तथा जलवायु

ऊसर, परती, बंजर, व सामान्य सभी प्रकार की भूमि में इसे आसानी से उगाया जा सकता है। किन्तु जमीन का जल स्तर 2 मीटर से नीचे होना चाहिए। आंवला का पौधा 0.46 ^{o}C का तापमान सहने की क्षमता रखता है। पुष्प कालिका के समय इसको हल्का गर्म तापक्रम चाहिए होता है। फल के विकास के लिए इसको अधिक आर्द्रता की जरूरत होती है।

किस्में

भारत में तीन किस्में मुख्य रूप से पायी जाती हैं, और दूसरी किस्में इन्हीं से रूपान्तरित की गई है। मुख्य रूप से चकैया बनारसी तथा फांसिस है, जो रूपान्तरित की गई है। उसमें कंचन, नरेंन्द्र–4, नरेन्द्र–10, आनन्द–1, आनन्द–2, आनन्द–3, नरेंन्द–6 तथा नरेन्द्र–7 आदि है।

विभिन्न अवयव

इसके मुख्य अवयव निम्न हैं:–

अवयव	मिलीग्राम/100 ग्राम गूदा
(1) प्रोटीन	0.5
(2) आर्द्रता	81.2
(3) वसा	0.1
(4) फाइबर	3.4
(5) कार्बोहाइट्रेड	14.0
(6) कैल्शियम	0.05
(7) फास्फोरस	0.02
(8) लौह	1.20
(9) विटामिन C	500–1500 (मिग्रा०/100ग्रा0)
(10) विटामिन D	30/100 ग्रा0 गुदा
(11) निकोरिनिक अम्ल	0.2मि0ग्राम/100 ग्राम गुदा

आंवले की खेती

आंवले का मुख्य रूप से सिध्म कलिकायन या रूपान्तरित बलप कलिकायन बहुतायत से होता है। 6 माह से लेकर 15 माह तक के बीज पौधे पर जुलाई से सितम्बर तक कलिकायन करते हैं। जब आंवले की खेती करनी हो तो इसे वर्गाकार क्रम में करते हैं। इनके पौधौ के बीच दूरी 7–9 मी0 होनी चाहिए। पौध रोपड़ से 1.5–2 माह पूर्व गड्ढ़ों की खुदाई करने से सबसे पहले गड्ढ़ों में 20 किग्रा० गोबर सड़ा हुआ तथा 1 किग्रा० नीम की खली को डालते हैं। भूमि ऊसर होने पर 6–8 किग्रा० जिप्सम , 20 किग्रा बालू तथा 1 किग्रा० नीम की खली मिलाकर गड्ढे की भराई करते है। बेकार पड़ी जमीन पर पौध रोपड़ की इनसीटू तकनीकी एक बेहतर उपाय है। उस तकनीकी में वीजू पौधो का रोपड़ उपयुक्त स्थान पर गड्ढे में कर देते हैं। इस तकनीकी से रोपड़ करने पर पौधे आसानी से प्रतिकूल परिस्थित में भी पनप जाते है। कलिकायन के लिए मातृ पौधे से लिया गया सांकर एक हफ्ते तक सुरक्षित किया जा सकता है।

कटाई व छटाई

जब पौधे 0.75 मी० से 1 मी० तक बड़ा हो जाये तो इसके मुख्य तने को ऊपर से 1/2 मी० पे काट देना चाहिए जिससे नई टहनियां उसके आसपास से निकल आयें । नई टहनियां निकलने के पश्चात् फिर इसको काटना चाहिए। इस प्रकार इस पेड़ की नियमित छटाई से पेड़ की टहनियां अधिक तथा घना हो जाता है। जो टहनी कमजोर हो, रोग से ग्रस्त हो उनको सबसे पहले हटा देना चाहिए।

पानी की आवश्यकता

वैसे देखा गया है कि आंवले में

वनस्पति विज्ञान विभाग, महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ़ इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी, लखनऊ, भारत'
email : madhusrivastava2010@gmail.com

ज्यादातर पानी की आवश्यकता नही होती है पर गर्मी के दिनों में 10–15 दिन के अन्तराल पर पानी डाल देना चाहिए। जो भूमि क्षारीय या लवणीय हो उस पर अधिक मात्रा में पानी डालना चाहिए।

मल्चिंग

मल्चिंग करने से नमी अधिक समय तक बनी रहती है, वाष्पीकरण कम हो पाता है। जैविक खाद्य का निर्माण अपने आप होता है। कभी–कभी विपरीत तापक्रम जब होता है तो इसका असर कम पड़ता है। मल्चिंग के लिए पेड़ के आस–पास 1 मी0 के अन्दर 10 इंच पुआल, गन्ने की सूखी पत्तियां, भूसा या आम की सुखी पत्तियां डाल देना चाहिए। अगर ये सब नहीं मिलता है तो काली या रंगीन पालीथीन डाल देनी चाहिए।

उर्वरक तथा खाद्य

अलग–अलग भूमि के लिए जो पौधे की उम्र व उत्पादकता पर निर्भर करती है। पहले दस साल तक 100 ग्राम नत्रजन, 50 ग्राम फास्फोरस तथा 100 ग्राम पोटाश को या 1 किलोग्राम नत्रजन, 500 ग्राम फास्फोरस व 1 किलोग्राम पोटाश तक देनी चाहिए। इस उर्वरक के साथ गोबर की सड़ी खाद्य व बाजार मे मौजूद जैव नियन्त्रण उत्पाद को डालने से फसल अधिक स्वस्थ व अधिक उत्पादक हो जाती है। अगर भूमि ऊसर है तो 100–500 ग्राम जिंक सल्फेट के साथ 50–100 ग्राम बोरेक्स देना चाहिए।

तोड़ाई व भंण्डारण

आंवले के पेड़ में 6–7 वर्ष के बाद फल आने शुरू हो जाते हैं। और 60–70 वर्ष तक देते है। एक पूर्ण विकसित आंवले के पेड़ से 1 कुन्तल आंवला तथा एक हैक्टेयर से लगभग 180–200 कुन्तल तक आंवला प्राप्त किया जाता है। तोड़े गये फल को सामान तापक्रम पर 1 हफ्ते तक या 10 ^{o}C पर एक महीने तक रखा जा सकता है। इसके अलावां इसको नमक के घोल के साथ मिलाकर 2 अंश सेमी० मोड़ने तक आराम से रखा जा सकता हैं।

बीमारी तथा उनका उपचार

आंवला पूरे भारत में पाया जाता है। इसमे कुछ बीमारी भी हो जाती है, जो आंवला के उत्पादन के लिए काफी हानिकारक है। राजस्थान में पाये जाने वाले पेड़ो में पत्ती तथा फल में संक्रमण अधिक होता है। दूसरी प्रकार की ज्यादातर बीमारी सड़ने की होती है। फलों में ज्यादातर सड़ने की समस्या अधिक होती है।

वलप किट्ट

वलप किट्ट रोग ज्यादातर राजस्थान के उदयपुर जिला में देखा गया है। अभी हाल ही में उसे उत्तर प्रदेश के लखनऊ, प्रतापगढ़ में भी पाया गया है। इसके द्वारा फल तथा पत्ती में रोग उत्पन्न हुआ है। यह रेवेनोलिया इम्बालिका नामक कवक द्वारा फैलता है। इस रोग में पत्तियों तथा फलों में काले रंग के धब्बे पड़ते हैं फल परिपक्व होने से पहले ही गिर जाते हैं।

उपचार

कवकनाशी या घुलनशील सल्फर (0.4%) का छिड़काव एक महीने के अन्तराल में करना चाहिए।

मुरझाना

मुरझाना भी राजस्थान के आंवले के पेड़ों में देखा गया है। इसमें छाल का झड़ना, छाल का टूटना तथा मुरझाना आदि देखा गया है। ये फ्यूजेरियम नामक कवक के कारण होती है। इसके उपचार के लिए पेड़ को उचित मात्रा में पानी देना चाहिए तथा इसको ढककर रखना चाहिए।

नीली फफूंदी रोग

यह पेनीसिलेपम कवक के द्वारा होती है। सबसे पहले आंवला वाराणसी में देखा गया था। किन्तु अब ये पूरे भारतवर्ष में देखने को मिलती है, बीमारी जैसे–जैसे बढ़ती है तीन प्रकार के धब्बे दिखाई पड़ते हैं। पहले चमकदार पीले रंग के, फिर भूरे तथा बाद में काले या नीले हो जाते हैं। तथा इसमें एक पीले रंग का पदार्थ निकलना शुरू कर देता है। और सबसे अन्त में काले दानेदार। इसका स्वाद सब बेकार हो जाता है। इसके उपचार के वोरेक्स तथा सोडियम क्लोराइड (नमक का घोल) से देना चाहिए, इसको वेवस्टीन या टोपासीन (0.1%) देकर भी रोका जा सकता है, फल को मैथा तेल में डूबोकर फिर सुखाकर रखने पर भी इस बीमारी को रोका जा सकता है।

स्वच्छ रीट

इस बीमारी का मुख्य कारण कवक फोमायसीस फाइलेन्थिया होता है। इसे इलाहाबाद तथा फतेहपुर आदि जगह में पाया गया है। यह दिसम्बर से फरवरी के बीच अधिक फैलता है। इसके संक्रमण के 2–3 दिन के अन्दर काले धब्बे फल के ऊपर आ जाते हैं। तथा ये क्षेत्र पानी जैसा हो जाता है और 8 दिन के अन्दर पूरे फल को सड़ा देता है। जब फल शुरूवाती रूप में होता है तो इसका संक्रमण अधिक होता है। किन्तु बाद में इसके धव्वौती देखी गई है। इस बीमारी के लिए फल का छापल होना बहुत जरूरी है। इसके उपचार के लिए डी फोलटेन (0.15%) डाईथेन एम–45 या वेवस्टीन (0.1%) का छिड़काव फल तोड़ने के बाद करना चाहिए।

सड़ना

कभी–कभी फल में पानी नहीं होता है परन्तु फिर भी फल सड़ा हुआ प्रतीत होता है। इसका कारण फोमा ईमलिका तथा क्लोरोस्पोरियम है। इसके चमकदार भूरे रंग के धब्बे बन जाते हैं। जो 1.0 सेमी० से 2.0 सेमी० तक होते हैं ये बाद में काले पड़ जाते हैं।

आंवला में किसी भी प्रकार के सड़ने को निम्न तरीके से दूर किया जा सकता है–

1. जब फल को तोड़ना हो तब कावेनडाजीम 0.1% को घोल बनाकर छिड़काव करना चाहिए।
2. फल की तोड़ाई बहुत सावधानी पूर्वक करनी चाहिए जिससे फल

पर कोई धाव न हो।

3. फल को हमेशा साफ–सुथरी जगह पर रखना चाहिए।
4. जब फल का भण्डारण करना हो तो गैस का छिड़काव NCl_3 या ओजोन के साथ करने से सड़ना कम हो जाता है।
5. वोरेक्स या सोडियम क्लोराइड के घोल से भी इसके संक्रमण को रोका जा सकता है।

कीट

(अ) शुट गाल मेकर – जो नवजात सड़ी डाल होती है वह प्ररोह के अन्दर धाव के रास्ते से जाकर अन्दर ही अन्दर तथा बैठने के स्थान पर गांठ बनाती है और प्ररोह का विकास रूक जाता है। ये कीट ज्यादातर जुलाई से अगस्त के बीच में ज्यादा संक्रमण करते हैं। वैसे जब इसका संक्रमण हो तो प्रभावित भाग को तोड़ कर जला देना चाहिए। या 0.4% कार्बाइल या क्वीनालफॉस 0.2% का छिड़काव करना चाहिए।

(ब) छाल खाने वाली सुंडी – यह सुंडी पेड़ की छाल को खाती है तथा प्रभावित स्थान पर जाला बना हुआ प्रतीत होता है। इसके उपचार के लिए क्लोरोपापरीफास 0.15% या इण्डोसल्फान 0.25% के घोल प्रयोग करना चाहिए।

(स) माहू – जब माहू शिशु अवस्था में होता है तो यह आंवले की पत्ती तथा अन्य कोमल भागों को खाता है जिससे काफी नुकसान होता है। इसके नियन्त्रण के लिए डाइमेथेएट 0.15% या इण्डो–सल्फान 0.2% के घोल का छिड़काव करना चाहिए।

जैविक नियन्त्रण

काइटोसीन का प्रयोग – जब आंवले का भण्डारण करना हो तो इसे काइटोसीन के घोल में डुबोकर सुखाकर एक महीने तक सुरक्षित किया जा सकता है। काइटोसीन का प्रयोग करने से फलों के ऊपर पाये जाने वाले कवक जो लाभदायक होते हैं जैसे यीस्ट भी बढ़ता है, जो सड़न रोकने में मदद करता है। काइटोसीन को पानी में 0.25% के अनुपात में घोलकर फलों को पहले डूबो दें और फिर इसे सुखाकर रखें तो काफी दिनों तक सुरक्षित रहता है।

तेल का प्रयोग – साइट्रिक फलों के छिलकों से निकाले गए तेल का प्रयोग आंवले के फलों को अधिक दिन तक सुरक्षित किया जा सकता है। मौसमी या सन्तरे के छिलकों से निकाले गये तेल को जब फलों पर स्प्रे करने से यह महीने भर तक ताजा बने रहते हैं। इसी के साथ लाभदायक यीस्ट को भी बढ़ाने करने का काम करता है।

लहसुनिया का रस – पत्तियों का रस या तने का रस भी आंवले के भण्डारण में उचित भूमिका निभाता है। लहसुनिया की पत्ती का 2% धोल बनाकर उसमें आंवले को 5 घंटे डूबोकर रखने से इसका भण्डारण 1 महीने तक किया जा सकता है। इसको पौधों पर भी स्पे् कर सकते हैं।

ट्राइकोडर्मा का प्रयोग – ट्राइकोडर्मा के पाउडर का घोल बनाकर उसमें फलों को सुरक्षित किया जा सकता है। जब भण्डारण करना हो तो फल तथा इसके घोल को आपस में मिलाकर रखने से काफी मात्रा में संक्रमण को रोका जा सकता है।

गर्म पानी विधि – अगर किसान ये सब नहीं कर सकता है तो आंवले को भण्डारण से पहले 1 मिनट के लिए उबालते हुए पानी में छोड़ देना चाहिए उसके बाद उसका भंण्डारण करना चाहिए जिससे 60–80% तक संक्रमण में कमी आ जाती है।

इस प्रकार आंवले का उपचार उपरोक्त किसी से भी किया जा सकता है। आंवले में बहुत से औषधि गुण होते हैं जो मानव के साथ एक न्याय करते हैं तथा रोगों को दूर करते हैं। इसलिए कहा गया है कि

"Eat one aonla daily keep doctor away"

जीवन में सुखी रहने के लिए दो शक्तियों का होना जरूरी है...
पहली सहन शक्ति...
और दूसरी समझ शक्ति

–अज्ञात

कृषि

समकक्ष समीक्षित

मृदा स्वास्थ्य कार्ड: किसानों के लिए योजना

शिवम सिंह[1], वी. पी. सिंह[1], महेंद्र प्रताप सिंह[2]*
ऋचा रघुवंशी[3], चंद्रकांत चौबे[4] और शक्ति ओम पाठक[5]

मृदा स्वास्थ्य कार्ड स्कीम (Soil Health Card Yojna) को 19 फ़रवरी 2015 में भारत सरकार द्वारा किसानों के लिए लाया गया है। इस योजना से भारत के वो सभी किसान बंधुओ के लिए है लेकिन विशेष रूप से उन किसान बंधुओ के लिए है जिनके खेतों में सही प्रकार से अनाजों का पैदावार नहीं हो पा रहा है। जिसका बहुत सारा करण है जो निमन्लिखित है :–

- पहला लोगों द्वारा गलत फसल /फसल चक्र का चुनाव, बीज/मृदा का सही शोध का तरीका।
- दूसरा लोगों को पता ना होना कि उनके खेत की मिटटी में कौन सा खाद या उर्वरक ज्यादा चाहिए और कौन सा कम, ना ही उन्हें पता है कैसे वो अपने मिटटी की उर्वरता शक्ति को बढ़ा सकते हैं।

इन कारणों को समझने के बाद हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने किसान भाईयो के लाभ हेतु मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना (Soil Health Card Scheme) को शुरू किया। इस योजना से सभी किसान भाई जो अपने खेत की मिटटी की जाँच करवाना चाहता है उन्हें अपने खेत की मिटटी को परिक्षण के लिए भेजने पर मृदा स्वास्थ्य कार्ड (Soil Health Card) प्रदान किया जाता है। मृदा परीक्षण किसान भाईयो अपने निकटतम जिला प्रयोगशाला करवा सकते है।

मृदा स्वास्थ्य कार्ड (Soil Health Card) की विशेषताएं

1. सरकार ने इस योजना के तहत पुरे भारत के 14 करोड़ से भी ज्यादा किसानों तक इस स्कीम से जोडने की सोच है।
2. यह योजना भारत के हर क्षेत्र में उपलब्ध है।
3. इस योजना से जुड़े हुए सभी किसानों को उनका मृदा स्वास्थ्य कार्ड (Soil Health Card) ऑनलाइन और प्रिंट कर के दिया जाता है। यह 12 भाषाओं में मौजूद है।
4. किसानों को रबी और खरीफ फसल की कटाई के बाद एक वर्ष में दो बार अपनी मिट्टी के नमूने लेने चहिये।
5. मृदा स्वास्थ्य कार्ड में मृदा के लगभग 12 रासायनिक गुणों का वर्णन किया गया है। इसमें पी. एच., विद्युत चालकता (ई. सी.), मिट्टी कार्बनिक कार्बन, उपलब्धित

[1]विषय वस्तु विशेषज्ञ, कृषि विज्ञान केन्द्र, सुल्तानपुर, ए. एन.डी.यू.ए.टी., कुमारगंज, अयोध्या
[2]विषय वस्तु विशेषज्ञ, कृषि विज्ञान केन्द्र, सोनभद्र, ए.एन.डी.यू.ए.टी., कुमारगंज, अयोध्या
[3]शोध छात्र, मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन विभाग, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी
[4]शोध छात्र, मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन विभाग, सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मेरठ
[5]सहायक अध्यापक, एसजीपी विश्वविद्यालय, गुरूग्राम हरियाणा
*Corresponding Author: shivambuat@gmail.com

Department of Agriculture & Cooperation
Ministry of Agriculture & Farmers Welfare
Government of India
Directorate of Agriculture
Government of Goa
SOIL HEALTH CARD
Soil Health Card No. : ____________
Name of Farmer : ____________
Validity : From________ To________

SOIL HEALTH CARD	
Farmer's Details	
Name	
Address	
Village	
Sub-District	
District	
PIN	
Aadhaar Number	
Mobile Number	
Soil Sample Details	
Soil Sample Number	
Sample Collected on	
Survey No.	
Khasra No. / Dag No.	
Farm Size	
Geo Position (GPS)	Latitude: Longitude:
Irrigated / Rainfed	

Name of Laboratory

SOIL TEST RESULTS

S. No.	Parameter	Test Value	Unit	Rating
1	pH			
2	EC			
3	Organic Carbon (OC)			
4	Available Nitrogen (N)			
5	Available Phosphorus (P)			
6	Available Potassium (K)			
7	Available Sulphur (S)			
8	Available Zinc (Zn)			
9	Available Boron (B)			
10	Available Iron (Fe)			
11	Available Manganese (Mn)			
12	Available Copper (Cu)			

Secondary & Micro Nutrients Recommendations

Sl. No.	Parameter	Recommendations for Soil Applications
1	Sulphur (S)	
2	Zinc (Zn)	
3	Boron (B)	
4	Iron (Fe)	
5	Manganese (Mn)	
6	Copper (Cu)	
General Recommendations		
1	Organic Manure	
2	Biofertiliser	
3	Lime / Gypsum	

International Year of Soils 2015
Healthy Soils for a Healthy Life

Fertilizer Recommendations for Reference Yield (with Organic Manure)

Sl. No.	Crop & Variety	Reference Yield	Fertilizer Combination-1 for N P K	Fertilizer Combination-2 for N P K
1	Paddy (Dhaan)			
2				
3				
4				
5				
6				

नाइट्रोजन, उपलब्धित फॉस्फोरस, उपलब्धित पोटेशियम, उपलब्धित सल्फर, उपलब्धित लोहा, उपलब्धित मैंगनीज, उपलब्धित तांबा, उपलब्धित जस्ता और उपलब्धित बोरान शामिल हैं।

6. हर किसान को उनके मिट्टी / मृदा का स्वास्थ्य कार्ड प्रति 3 वर्ष में दिया जाता है।

मृदा स्वास्थ्य कार्ड (Soil Health Card) में आपको निम्लिखित चीजों की जानकारी मिलती है–

1. मृदा का स्वास्थ्य की यह मिटटी फ़सल करने के लिए सही है या नहीं।
2. मिट्टी की विशेषताएं और सामान्य सिफारिशें।
3. मिटटी में उपलब्ध सभी पोषक तत्व।
4. मिट्टी में किन–किन खाद का किन–किन अनाज के फ़सल में कितना उपयोग करना चाहिए उसकी जानकारी।
5. मिट्टी की कुछ और अच्छी विशेषताएं।

मृदा स्वास्थ्य कार्ड (Soil Health Card) मिलने पर किसानों को कई प्रकार के फायदे हैं–

1. इस स्कीम की मदद से किसानों को अपने खेत की मिटटी के बारे में सही स्वास्थ्य जानकारी मिल पायेगी। इससे वो मन चाहे अनाज / फ़सल कर सकते हैं।
2. मृदा स्वास्थ्य कार्ड हर 3 साल में सर्कार प्रदान करती है जिसके कारण किसान को अपने मिटटी के बदलाव के बारे में भी बीच–बीच में पता चलता रहेगा।
3. इस योजना के तहत किसानो को अच्छी फ़सल उगाने में मदद मिलेगी जिससे उन्हें और देश दोनों का फायदा होगा।
4. इससे किसानों को भी आगे बढ़ने का मौका मिलेगा और देश उन्नति की ओर बढेगा।

मृदा स्वास्थ्य कार्ड स्कीम कैसे काम करता है?

1. सबसे पहले एक अधिकारी आपके खेत की कुछ मिट्टी का एक सैंपल लें कर उसे Sample Bag में भरते हैं।
2. उसके बाद उस मिट्टी को परिक्षण के लिए लेबोरेटरी में भेजा जाता है।
3. वहां विशेषज्ञ मिट्टी की जाँच करते हैं और मिट्टी के बारे में सभी जानकारियाँ प्राप्त करते हैं।
4. उसके बाद वे रिपोर्ट तैयार करते हैं कि कौन से मिट्टी में क्या ज्यादा और क्या कम।
5. उसके बाद इस रिपोर्ट को एक–एक करके किसान के नाम के साथ ऑनलाइन अपलोड किया जाता है जिससे की किसान अपने मिटटी का रिपोर्ट जल्द से जल्द देख सके और उनके मोबाइल पर भी इसकी जानकारी दी जाती है। किसान ऑनलाइन अपने मृदा स्वास्थ्य कार्ड (Soil Health Card) को सामने दिए हुए लिंक पर देख सकते हैं – https://soilhealth.dac.gov.in/
6. बाद में किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड (Soil Health Card) Print करके घरों तक पहुँचाया जाता है।

धर्म और संस्कृति

पृथ्वी पर शिव के प्रतिनिधि हैं.. पेड़–पौधे

–अज्ञात

वनस्पति उपासना यानि पेड़–पौधों की पूजा हमारे संस्कृति का मुख्य अंग है। यह पद्धति अकारण नहीं शुरू हुई है। पेड़ों से हमें आक्सीजन, भोजन और जल तीनों मिलता है और इन्हीं से हमारा जीवन चलता है...।

ऐतरेय और कौषितकि ब्राह्मण ग्रंथ में "प्राणौ वै वनस्पतिः"। (ऐतरेय 2.4, कौषितकि 12.7) कहा गया है... जहां वनस्पतियों से हमारे जीवन को संचालित करने वाले तत्व मिलते हैं, वहीं वनस्पतियां ऐसे तत्वों को भी समाप्त करती हैं, जो हमारे जीवन को नुकसान पहुंचाते हैं। इसीलिये वनस्पतियों को पृथ्वी पर शिव की प्रतिनिधि माना जाता हैं, जोकि कार्बन डाइ आक्साइड का हलाहल पीकर हमें जीवन अमृत आक्सीजन देती हैं...।

शुक्लयजुर्वेद का एक उदाहरण है– "नमो वृक्षेभ्यो हरिकेशेभ्यः।

क्षेत्राणां पतये नमः।

वनानां पतये नमः।

वृक्षाणां पतये नमः।

ओषधीनां पतये नमः।

कक्षाणां पतये नमः"।

(यजुर्वेद 16.17.18)।

इसमें शिव को वृक्ष, वन, ओषधियों इत्यादि का स्वामी का कहा गया है.... देवताओं को उनके गुणानुरूप जीवों और पदार्थों का स्वामी नियुक्त किया गया है... यदि शिव वनस्पतियों के स्वामी कहे गये हैं तो इसका मतलब यह हुआ कि वनस्पतियों का गुण भी शिव जैसा होना चाहिये... शिव का शिवत्व बहुत व्यापक है....शिव का मलतब होता है सुंदर और वनस्पतियां भी पृथ्वी का श्रृंगार करती हैं... सुंदरता बढ़ाती हैं.. इस तरह से वनस्पतियों का व्यवहार उनको शिव का प्रतिनिधि साबित कर देता है.. वहीं दूसरी ओर शिव विश्वपूज्य व सर्वपूज्य इसलिये हुये क्योंकि उन्होने विष पीकर संसार की रक्षा की और अमृत अन्य के लिये छोड़ दिया... विष पीकर अमृत छोड़ देना भी शिवत्व है। हमारे पर्यावरण में वनस्पतियों की भूमिका शिव सरीखी है। वनस्पतियां भी कार्बन डाइ आक्साइड जैसे विष को ग्रहण कर हमारे लिये आक्सीजन जैसी अमृत छोड़ देती हैं... यह बताने की आवश्कता नहीं है कि आक्सीजन के बिना जीवन की परिकल्पना नहीं की जा सकती.. एक बात और समझने की है, ओषधियां भी पेड़–पौधों से ही मिलती हैं.. ओषधियों के बारे में हमारे ग्रंथों में कहा गया है कि इनका जन्म देव के रौद्र रूप से हुआ है, इसलिये ओषधियां दोषों और विकारों को समाप्त करने में सक्षम है.. यह भी शिव का ही गुण हैं... सरल सी बात है कि वही शिव का जो स्वभाव है, वनस्पतियां का भाव है... ऐसे विचार कीजिये कि हमारे आस पास कितने ही शिव हैं...।

वेदों में पर्वत, जल, वायु, वर्षा और अग्नि को पर्यावरण का शोधक कहा है और इन सभी पर्यावरण शोधकों का मूल तो वनस्पतियां ही हैं। वनस्पतियों के कम होने से सबसे पहला प्रभाव आक्सीजन के स्तर पर पड़ता है।

वेदों में दो प्रकार के वायु की चर्चा है प्राणवायु और अपान वायु। प्राणवायु से जीवन का संचार होता है और अपानवायु से सारीरिक दोषों का निवारण होता है। उदाहरण देखें–

"आ वात वाहि भेषजं वि वात वाहि यद् रपः।

त्वं हि विश्व भेषज देवानां दूत ईयसे।।"

(अथर्ववेद 4.13.3)

वायु को विश्वभेषज कहा गया है... यानि की वर्ल्ड डाक्टर...अथर्ववेद में वायु और सूर्य को रक्षक के रूप में वंदना की गई है। उदाहरण देखें–"युवं वायो सविता च भुवनानि रक्षयः।"

(अथर्ववेद 4,24,3)।

अथर्ववेद शुद्घ वायु को औषधि मानता है। ताजी हवा शरीर में प्रवेश करते ही हम तरोताजा हो जाते हैं। बहुत से रोग बहुत से कष्ट ऐसे ही कट जाते हैं..लेकिन जब हमने पेड़–पौधों के महत्व को नकार दिया और हमें संकट से बचाने वाली वनस्पतियों के लिये हम संकट बने तो पर्यावरण का तंत्र खराब हो गया। हम आज जहर पीने को मजबूर हैं। वेदों में प्रदूषण के कारकों को क्रव्याद यानि जीव को सुखाकर निर्जीव करने वाला कहा गया है.. उदाहरण देखें–

"ये पर्वताः सोमपृष्ठाः आपः।

वातः पर्जन्य आदग्निनस्ते क्रव्यादमशीशमन।"

(अथर्ववेद 3.21.10)

तो वहीं यह भी कहा गया है कि यह वनस्पतियों के अभाव में पनपते हैं... जहां आज हम उत्सर्जन कम करने पर जोर दे रहे हैं तो वहीं वेदों ने शोधन बढ़ाने पर जोर दिया है। अथर्ववेद में तमाम ऐसे वनस्पतियों की सूची मिलती है जोकि पर्यावरण के शोध के रूप में काम करते हैं। इसमें अश्वत्थ (पीपल), कुष्ठ (कठ), भद्र और चीपुत्र (देवदार और चीड़), प्लक्ष (पिलखन और पाकड़), न्यग्रौध (बड़), खदिर (खैर), उदुम्बर (गूलर), अपामार्ग (चिरचिरा), और गुग्गुल (गूगल) हैं।

अथर्ववेद में कहा गया है कि इन वृक्षों से वायु शुद्घ होती है और पर्यावरण का संतुलन सही बना रहता है... हमारे प्राचीन साहित्य में वृक्षारोपण को बल दिया गया है। अब तक हमने कई प्रथायें सुनी हैं कि पुत्र होने पर वहां एक वृक्ष रोपा जाता है। जबकि हम नहीं जानते कि मस्त्य पुराण में दशपुत्रसमोद्रुमः' कहकर वृक्षों का महत्व बताया गया है।। दशपुत्रसमोद्रुमः का मतलब है, एक वृक्ष दश पुत्रों के समान है... ऐसा उदाहरण विश्व के अन्य साहित्यकोश से या संस्कृति से नहीं मिल सकता।

पर्यावरण

समकक्ष समीक्षित

जल संरक्षण में भारतीय ज्ञान परम्परा

*मंजुल त्रिवेदी[1], अरविन्द कुमार सिंह[2] एवं आदित्य आभा सिंह[3]**

शोध सार

भारतीय ज्ञान परम्परा में पर्यावरणीय विमर्श सदैव से ही केंद्रीय विचार का तत्व रहा है। हमारे पूर्वज प्राचीन काल से ही धारणीय विकास के भाव को आत्मसात करते हुए जीवन यापन की प्रेरणा देते रहे हैं। प्रकृति के प्रति श्रद्धा भाव रखते हुए उसके सहचर के रूप में अपने अस्तित्व को स्वीकारना तथा तदनुरूप आचरण करना हमारी समृद्धशाली परम्परा रही है। प्राचीन काल मे पर्यावरण संरक्षण के महत्वपूर्ण मुद्दों को धर्म के साथ जोड़कर उनकी व्यवहारिकता स्थापित करने का कार्य किया गया है।

प्रस्तुत शोध आलेख में महत्वपूर्ण पर्यावरणीय विमर्श "जल संरक्षण" के भाव को शास्त्रीय परम्परा एवं प्राचीन प्रणालियों में किस रूप में स्थान प्राप्त था इसका विमर्श प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत लेख में धर्मग्रंथों, ऐतिहासिक ग्रंथों आदि में वर्णित विषयवस्तु का विश्लेषण करके निष्कर्षों का निर्वचन किया गया है।

पिछली लगभग तीन–चार शताब्दियों से पर्यावरणीय विमर्श मानव के चिंतन का केंद्र बिंदु रहा है। जिसका कारण इस समयावधि में संसाधनों का अविवेकपूर्ण प्रयोग करते हुए अंधाधुंध विकास की प्रवृत्ति रही है। इस पृथ्वी पर मानव के अतिरिक्त लगभग 10 मिलियन से भी अधिक जीवों की प्रजातियां है जिनका सह–अस्तित्व इस पृथ्वी पर है। विकास को तत्पर मानव की असम्बद्ध क्रियाओं का दुष्परिणाम आज अन्य जीवों को भी भुगतना पड़ रहा है। पर्यावरणीय चिंतन आज नीति निर्धारण में विशेष महत्व का विषय बन गया है।

आज मानव अपने और पृथ्वी के अस्तित्व को बचाने के लिए विवशतावश पर्यावरण संरक्षण के भाव को स्वीकार कर रहा है। पूरे विश्व में संकट सामने देखकर पर्यावरण के प्रति जो दृष्टिकोण अपनाया गया है उस दृष्टिकोण का परिप्रेक्ष्य भारतीय ज्ञान परंपरा में आदिकाल से ही है। भारत के प्राचीनतम ग्रंथ वेद हो या परवर्ती वैदिक साहित्य, सभी ने प्रारंभ से ही पर्यावरण के प्रति अपना श्रद्धा भाव रखते हुए आचरण करने की प्रेरणा दी है। भारतीय ज्ञान परंपरा में सदैव से ही सभी प्रजातियों को समान अधिकार प्रदान करते हुए एक दूसरे के अधिकारों को सुनिश्चित करने वाला कहा गया है जो इन पंक्तियों में निहित है–

ईशावास्यमिदं सर्वं यत्किञ्च जगत्यां जगत् ।

तेन त्यक्तेन भुञ्जीथा मा गृधः कस्यस्विद्धनम् ।।

अर्थात जड़–चेतन प्राणियों वाली यह समस्त सृष्टि परमात्मा से व्याप्त है। मनुष्य इसके पदार्थों का आवश्यकतानुसार भोग करे, परंतु 'यह सब मेरा नहीं है के भाव के साथ' उनका संग्रह न करे।

जल प्रकृति के द्वारा मनुष्यों को दिया गया एक अनोखा उपहार है। जल एक अद्वितीय नवीकरणीय संसाधन है, जो सभी प्रकार की वनस्पतियों एवं जीव– जंतु को बनाए रखने के लिए अपरिहार्य है। कृषि उत्पादकता, औद्योगिक विकास और प्रकृति की वहनीयता इस पे आश्रित है और इसकी भरपाई करना असंभव है। जल हमें जीवन देता है, इसलिए जल की प्रमुख स्रोत नदियों को पवित्र मान कर उनकी पूजा–अर्चना की परंपरा भारत में सदियों से चली आ रही है। भारत को 25 से अधिक नदियों की समृद्ध प्रणाली का आशीर्वाद प्राप्त है जिसमें यहाँ कई सहायक नदियों के साथ प्रमुख नदियाँ बहती हैं। हिमालय की नदियाँ जैसे गंगा, यमुना, ब्रह्मपुत्र, सिंधु और उनकी सहायक नदियाँ एशियाई महाद्वीप में पानी के सबसे समृद्ध क्षेत्रों और औसत जल उपज में से एक हैं। ये नदी प्रणालियाँ प्रायद्वीपीय नदी प्रणालियों से दोगुनी हैं, जो इसके महत्व को दर्शाती हैं। इसके अलावा देश के सतही जल एवं भूजल भी एक महत्वपूर्ण संसाधन है।

वैश्विक आबादी और अर्थ–व्यवस्थाओं में मीठे पानी की मांग तेजी से बढ़ रही है, किन्तु जलवायु में परिवर्तन ने संचयी प्रतिकूल प्रभाव पैदा किया है जिसने जल संसाधन की गुणवत्ता, मात्रा, उपलब्धता और वर्षा की तीव्रता को प्रभावित किया है। भारत के जल संसाधनों में तेजी से गिरावट के कारण अस्थिर उपयोग, अत्यधिक उपयोग और प्रदूषण एवं अनियमित जलवायु परिवर्तन इसका कारण हैं। घटते जल संसाधनों का प्रबंधन एवं बनाये रखना सबसे बड़ी चुनौती है। तेजी से बढ़ती आबादी, पानी की बढ़ती मांग और तेजी से हो रहे बदलाव को देखते हुए जलवायु, टिकाऊपन के लिए एक पूर्ण प्रमाण, दीर्घकालिक योजना और रणनीति की आवश्यकता है। अतः अत्यंत आवश्यक है की मूल्यांकन, भंडारण, रीसाइक्लिंग, उत्कृष्ट योजना एवं विकास, जल के कुशल उपयोग एवं प्रबंधन है।

हम इस तथ्य पर प्रकाश डालना चाहते हैं कि भारत के गौरवशाली ज्ञान परंपरा में जल संरक्षण का भाव अत्यंत प्रमुखता के साथ दिखाई पड़ता है। भारत की संस्कृति में पर्यावरणीय मुद्दों के प्रति संवेदना जागृत करने हेतु सामान्य जन के व्यवहार में इस भाव को आत्मसात कराया जा सके, इस हेतु, अनेक मान्यताओं का अनुशीलन

[1]असिस्टेंट प्रोफेसर, शिक्षाशास्त्र विभाग, बी एस एन वी पी जी कालेज, लखनऊ
[2]वैज्ञानिक–डी, प्रिकैम्ब्रियन पुराजैविकी प्रयोगशाला, बीरबल साहनी पुराविज्ञान संस्थान, लखनऊ
[3]*पत्राचारः आदित्य आभा सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर, वनस्पति विज्ञान विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ–226007
ईमेलः abha2512.singh@gmail.com

विभिन्न ग्रंथों में वर्णित मन्त्रों, आख्यानों एवं नीतिपरक श्लोक आदि के माध्यम से किया गया है। जल की महिमा को बताते हुए भारतीय संस्कृति के आदि ग्रंथ ऋग्वेद में जल की महत्ता बताते हुए उसे माता के समान बताया गया है जो कि सभी को शक्ति प्रदान करता है एवं जहां भी जिस रूप में है संरक्षण करने योग्य है:

आपो अस्मान्मातरः शुन्धयन्तु घृतेन नो घृत्पवः पुनन्तु।

आज आधुनिक विश्व में जल के महत्व और भावी संभावनाओं को देखते हुए अनेक पद्धतियों द्वारा जल संचयन तथा संरक्षण की नवीन पद्धतियों का विकास तकनीकी की मदद से किया जा रहा है। यदि हम समय रहते इस भाव को समझ जाते तो हमारे जल भंडार में न्यूनता न आती। भारतीय ज्ञान परंपरा में जल संरक्षण के भाव को स्थापित करते हुए प्रत्येक प्रकार के जल के संरक्षण और संचयन को प्रोत्साहित करते हुए सामान्य जन में इस हेतु चेतना विकसित करने का अनवरत प्रयास किया गया है। अथर्ववेद में वर्षा के जल की विशेष महत्व बताते हुए इसको संरक्षित किए जाने का निर्देश दिया गया है–

शिवा नः संतु वार्षिकीः।

भारतीय परंपरा में जल की महत्ता को स्थापित करते हुए शतपथ ब्राह्मण के 11वें कांड में कहा गया है कि परमात्मा ने जब इस सृष्टि की रचना की तो सर्वप्रथम उन्होंने जल को बनाया–

आपो वा इदमग्रे सलिलमेवास।।

धारणीय विकास आज के विश्व का एक प्रमुख नीति निर्धारक बिंदु बन गया है किंतु भारत की सनातन संस्कृति में प्रारंभ से ही प्राकृतिक संसाधनों के विवेक सम्मत उपभोग की बात कही गई है। यजुर्वेद में जल एवं पर्यावरण संरक्षण के भाव को स्थापित करने की कोशिश करते हुए कहा गया है कि– हे राजन, आप अपने राज्य के स्थानों में जल और वनस्पतियों को हानि न पहुँचाओ, ऐसा उद्यम करो जिससे हम सभी को जल एवं वनस्पतियाँ सतत रूप से प्राप्त होती रहे–

"मायो मौष धीहि ऊं सीर्घाम्नोः घाम्नो राजस्तो वरूण नो मुंच।"

चौथी शताब्दी ईसा पूर्व के कृषि पाराशर में वर्षाजल एवं वर्षा प्रणाली की विस्तृत वर्णन किया गया है। जिसमें वर्षा के जल के संग्रहण की अनेक विधियों का वर्णन किया गया है उदाहरणतः खेतों में वर्षा जल संचयन हेतु किन प्रकार के बांधों को बनाए जाने की आवश्यकता है इसका विस्तृत वर्णन उपरोक्त ग्रंथ में प्राप्त होता है। कौटिल्य के महान ग्रंथ अर्थशास्त्र में भी जल प्रबंधन पर विशेष जोर दिया गया है तथा वर्षा जल के मापन हेतु द्रोण नामक यंत्र की संकल्पना की गई है।

प्राचीन भारत में जल प्रबंधन की अनेक तकनीक का वर्णन विभिन्न ग्रंथो के माध्यम से मिलता है। भारतीय आर्ष साहित्य के मूल ग्रंथ वेदों में भी यत्र तत्र जल प्रबंधन की तकनीकी का उल्लेख किया गया है। वैदिक युग में सीढ़ीनुमा पहाड़ियों पर वर्षा के जल का संचयन करके उन्हें नहरों के माध्यम से अन्य आवश्यकता युक्त क्षेत्र तक जल पहुंचने का कार्य किया जाता था। रेगिस्तानी क्षेत्र में कृत्रिम नहरों से सिंचाई किए जाने का उल्लेख ऋग्वेद में मिलता है। अथर्ववेद में उल्लेख मिलता है कि जो लोग नदियों, तालाबों, कुंओ आदि के माध्यम से वर्षा के जल का संचयन कर उसे कृषि एवं दैनिक जीवन में उपयोग करते हैं वह सदैव समृद्ध रहते हैं। इनके अतिरिक्त प्राचीन भारत में जल संरक्षण के लिए विभिन्न संरचनाओं यथा– तालाब, जोहर, बावड़ी, झालर, कुंड, जल मंदिर आदि का उल्लेख मिलता है।

अतः इससे यह जहिर होता है कि जीव एवं प्रकृति की संरचना में जल की महहता कितनी है। प्रचीन पद्धतियों से सीख लेते हुए हमें अपने भविष्य के बारे में विचार करना चाहिये। जल स्रोतों का संरक्षण प्रचीन पद्धतियों कें अनुसार आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करते हुए किया जाना उचित रहेगा । हमारा देश कृषि प्रधान देश है जो मानसून वर्षा पर निर्भर है। वर्षा जल संचयन भूजल स्तर को कम होने के बजाय और अधिक बनाए रखने में सक्षम बनाता है। सूखे के प्रभाव को कम करता है। कई देश, विशेष रूप से शुष्क वातावरण वाले देश, स्वच्छ पानी के सस्ते और विश्वसनीय स्रोत के रूप में वर्षा जल संचयन का उपयोग करते हैं। भारत वर्ष में बढ़ते आबादी को देखते हुए उचित जल संचय नीति प्राचीन पद्धतियों को ध्यान मे रख कर बनाने पर बल दिया जाना चाहिये।

संदर्भ

ईशोपनिषद् 1.1

ऋग्वेद 10.17.10

अथर्ववेद 1.6.4

शतपथ ब्राह्मण 11.1.6.1

यजुर्वेद 6/22

विश्वबंधु सं0 (1962) : अथर्ववेद संहिता, विश्वेश्वरानंद वैदिक शोध संस्थान, होशियारपुर, उत्तर प्रदेश ।

चौबे, बी0 बी0 (1980) : शतपथ ब्राह्मण, भारतीय विद्या प्रकाशन, दिल्ली ।

लिमये वी0पी0 और (1958) : ''छादोग्योपनिषद', वैदिक संशोधन, मॉडल, पूना।

कुमार, आर., सिंह, आर. डी., शर्मा, के. डी., 2005। भारत के जल संसाधन। करेंट साइंस, 794–811.

सिंह, ए. ए., सिंह, ए. के., २०२१। जल संसाधनों पर जलवायु नियंत्रण और उसका प्रबंधनः भारतीय परिप्रेक्ष्य में सतत विकास की चुनौतियाँ और संभावनाएँ। इनः थोकचोम, बी., किउ, पी., सिंह, पी., अय्यर, पी. के., (इडीएस।), वैश्विक जलवायु परिवर्तन के युग में जल संरक्षण, एल्सेवियर, पीपी। 121–145. https://doi-org/10-1016/B978-0-12-820200-5.00015-4

संस्कृत नवकाव्य

सृजनात् निर्माणपर्यन्तम्

गणेश शंकर बाजपेयी

माने चापि अपमाने च
जयपराजययोः स्थले
अहं निरन्तरं याति
पतित्वा पुनरुत्थितः॥

यत् प्राप्तं तत्तथैव मे
नष्टं च न मे विषादकः
आगतः किमस्ति मम
गमनं भयहेतुना न हि।
यः सहस्रं क्षणं गतः
स एव मे नवनीतः॥

नवमार्गान् निर्माय गतः
शून्यतः आगतः सदा
नवसृजने गतिं लभे
आनन्दानन्दं अहं भवामि।

अहं अत्र अपि तत्र अपि
कदाचित् भूमौ नभस्यपि
कदाचित् जले जलेन सह
निरन्तरं कला प्रवर्तते॥

इदानीं आरभे अग्रगमनम्
अनन्तशुभकामनया युतः
यदा यदा आग्रे गच्छामि
नवसृजनस्य मम कामना॥

सृजन से निर्माण तक (हिंदी भावानुवाद)

क्या मान में, अपमान में
हां जीत और हर हार में
मैं निरंतर बढ़ता गया
गिर गिर कर मैं उठता रहा

जो मिल गया तो भी सही
जो खो गया तो गम नहीं
आया था तो क्या पास था
जाने का कोई डर नहीं
जो साथ में क्षण भर चला
वो ही मेरा नवनीत है।
नई राहें बनाता मैं चला

हां शून्य से आगे बढ़ा
नव सृजन में जब गति मिली
आंनद आनंदम मैं भया
मै यहां हूं हां वहां हूं
कभी धरा पर कभी हवा में
कभी जल के साथ मै जलजला
मै निरंतर बढ़ती कलां
आगे की शुरुआत अब करूं
अग्रिम अनन्त शुभकामना
मै जब भी आगे बढ़ूंगा
नूतन सृजन मनोकामना

झीनी–झीनी बिनी चदरिया

झीनी झीनी बीनी चदरिया।।
काहे का ताना काहे कै भरनी, कौने तार से बीनी चदरिया।
इंगला पिंगला ताना भरनी, सुषमन तार से बीनी चदरिया।।
आठ कँवल दल चरखा डोलै, पाँच तत्त गुन तीनी चदरिया।
साईं को सियात मास दस लागे ठोकर–टोक के बीनी चदरिया।।
सो चादर सुर नर मुनि ओढ़ी, ओढ़ी के मैली कीनी चदरिया।
दास कबीर जतन से ओढ़ी, ज्यों की त्यों धर दीनी चदरिया।।

–कबीर

एल्डिको उद्यान II, लखनऊ ;
ईमेल : gsbajpai1591963@gmail.com

विचार

योग और योग दिवस

गिरीश पाण्डेय, IRS

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है, आप सब को बधाइयाँ और शुभकामनाएँ।

आइए पहले योग को समझें, जानें, जो बहुत सरल है, नैसर्गिक है जबकि अक्सर लोग इसे कठिन मानते हैं या समझने में भूल करते हैं।

योग का एकमात्र अर्थ (गणित, विज्ञान, जीवन, धर्म, अध्यात्म सब में) है जोड़ना, जुड़ना, जोड़ते/जुड़ते चले जाना. जब हम समस्त परिवार, समाज, प्रकृति, देश धरती और सृष्टि से जुड़ाव महसूस करते हैं तब हम योग कर रहे होते हैं .

और इस योग का कीमिया या फेविकोल है, संवेदना .जब हम सबके सुख–दुःख को अपना समझते हैं तभी हमारा सबसे जुड़ाव होता है .हमारा हाथ तभी बाकी शरीर से स्वस्थ रूप से जुड़ा है जब वह बाकी शरीर के प्रति संवेदनशील है.यदि वह बाकी शरीर के प्रति संवेदनशील नहीं है तो या तो बीमार है उसे लकवा हो गया है या वह बाकी शरीर से अलग हो गया है, अब जुड़ा ही नहीं है. तो योग का वास्तविक अर्थ है सबसे जुड़ना, जुड़ाव महसूस करना संवेदना के साथ,संवेदना के द्वारा .और इसका उल्टा है बांटना, बंटना, बांटते चले जाना तरह तरह के खांचों में, जाति के, धर्म के, क्षेत्र के, कार्य के और न जाने कितने अनगिनत खांचे .

बहुत से लोग जीवन और अध्यात्म को अलग अलग मानते हैं, लेकिन योग को आत्मसात कर लेने पर ये स्पष्ट हो जाता है कि दोनों एक ही हैं, बस नज़रिया अलग अलग है।

मेरी एक छोटी सी कविता है –

'अनंत होकर भी

सीमित महसूस करते हुए व्यवहार करना

जीवन है।

और सीमित होकर भी

अनंत महसूस करते हुए व्यवहार करना अध्यात्म है।'

एक मित्र ने पूछा ईश्वर पाने का मार्ग क्या है ? क्या सत्य आचरण ही ईश्वर को पाने का मार्ग है ? या क्या गायत्री मंत्र ईश्वर को पाने का मार्ग है ? मैंने लिखा आइए पहले हम ये जान लें की ईश्वर या ब्रह्म क्या है ? उसका हमारा रिश्ता क्या है ? फिर शायद मार्ग की ज़रूरत ही न रह जाए !

आइए ये कविता आत्मसात करें–

"दर्द से अहम् ब्रह्मास्मि

ईश्वर ने वह सबसे बड़ी निधि

सबसे बड़ा उपहार

जो हमें दिया है

जिसकी वजह से हमारा शरीर

वैसे ही बना हुआ है

जैसा कि था जन्म के समय में;

हाँ थोडा बहुत बढ़ जरुर गया है;

लेकिन अनुपात वही है;

वह निधि है पीड़ा, दर्द.

दर्द महसूस होता है

इसलिए हम छेडछाड नहीं करते

शरीर को दर्द महसूस होता है

इसलिए हम बचने की कोशिश करते है

देखभाल करते हैं.

जहाँ पीड़ा नहीं महसूस होती

हम अहंकार के नाम पर

अलग दिखने के नाम पर

क्या क्या भेष और स्वांग बनाते हैं

बालों को काटने में दर्द नहीं होता

तो कितने कितने चित्र विचित्र

बालों के स्वरुप मिलते हैं,

डिज़ाइन मिलती हैं.

यदि शरीर को दर्द नहीं मिला होता

तो आज हमारे सामने

कितने–कितने तरह के शरीर होते

कितने रूप

कितनी डिजाइनें.

तो पीड़ा ने ही हमारे शरीर को सीमा दी है,

विस्तार दिया है,

और परिभाषा दी है.

हमारा शरीर वहां तक है

हम वहां तक हैं

जहाँ तक हमें पीड़ा महसूस होती है.

यदि अब हम अपने शरीर से बाहर की यात्रा करें

तो दर्द की जगह पर वह ईश्वरीय उपहार का रूप ले लेता है

संवेदना का, दूसरे का दर्द महसूस करने की क्षमता का.

हम जिसका भी दर्द महसूस करते हैं

वह हमारे शरीर का हिस्सा हो जाता है,

हमारा विस्तृत शरीर हो जाता है.

हमारा विस्तार वहां तक है

हम वहां तक हैं

हमारा विराट शरीर वहां तक है

जहाँ तक की संवेदना हमें महसूस होती है.

यदि हम अपनी संवेदना के विस्तार को बढ़ाते जाएँ

यहाँ तक की

पूर्व प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त, बी –19, सेक्टर ओ, अलीगंज, लखनऊ
ईमेल : gnpande@gmail.com

सारा समाज, सारे लोग
सारा विश्व, पूरी प्रकृति
और सारा ब्रम्हांड उसमे शामिल हो जाए
सबकी संवेदना म महसूस कर सकें
सबसे जुड़ाव हम महसूस कर सकें
तो पूरा ब्रम्हांड हमारा शरीर हो जाता है
हमारा विस्तार हो जाता है;
और फिर हम महसूस कर सकते हैं
अहम् ब्रह्मास्मि.
हम ब्रम्ह हैं
हम ब्रम्हांड हैं."(मेरे कविता संग्रह 'धरती जानती है' से)

अर्थात ईश्वर एक विराट जीवंत शरीर है और हम उसके जीवंत अंग! फिर मार्ग की ज़रूरत होगी ? आपकी ऊँगली आपका अंग है, आपको पाने के लिए उसे किसी मार्ग की आवश्यकता होगी? वह तो हमेशा आपको पाए ही हुए है और आप भी उसको पाए ही हुए हैं।

मेरी इस कविता का ध्यान करिए–

"साधना की पूर्णता
जब हम ईश्वर के किसी अंश को
पाने की कोशिश कर रहे होते हैं
तो हमें साधना करनी पड़ती है।
लेकिन जब हम
पाना चाहते हैं सम्पूर्ण ईश्वर को
तो हमें कोई साधना नहीं करनी पड़ती
उसे तो हम हमेशा पाए ही हुए हैं ;
ठीक वैसे ही जैसे यदि हम
धरती के किसी खंड को पाना चाहें
तो हमें साधना करनी पड़ेगी,
लेकिन यदि हम पूरी धरती को पाना चाहें
तो हम जहाँ भी है जैसे भी हैं पाए ही हुए हैं।"
(मेरे कविता संग्रह 'धरती जानती है' से)

बस एहसास करना ही पाना है।

और उस एहसास के बाद असत्य आचरण असम्भव है।

गायत्री मंत्र उस एहसास तक पहुँचाता है।

ईश्वर का विशुद्ध विज्ञान स्वरूप होना यही है कि वह एक विराट क्रिया मय स्वरूप है जिसमें सृष्टि, ऊर्जा (शक्ति)और काल सभी कुछ शामिल हैं और उसके अंग के रूप में हम भी शामिल हैं।

आजकल हम शारीरिक क्रियाओं को जिन्हें आसन कहा जाता है उन्हें ही योग समझने की भूल कर रहे हैं . आसन तो पतंजलि के द्वारा समाधि की अवस्था तक की यात्रा का एक कदम हैं जिसके माध्यम से शरीर को शुद्ध और स्वस्थ रखने में मदद मिलती हैं। हाँ आसन करते समय अगर समस्त ब्रह्माण्ड से जुड़े होने का या उस तरफ़ अग्रसर होने का भाव भी मानसिक रूप से चलता रहता है तो वह मात्र आसन न रहकर योगासन हो जाता है।

योग को समझने के बाद ही ज्ञान योग, भक्ति योग और कर्म योग का वास्तविक अर्थ समझ में आता है . दरअसल जब ज्ञान,भक्ति या कर्म सम्पूर्ण सृष्टि के कल्याण के लिए सम्पूर्ण सृष्टि से जुड़े होने के भाव के साथ होते/किए जाते हैं तभी वे ज्ञानयोग, भक्ति योग और कर्म योग होते/ बनते हैं।अन्यथा वे महज़ ज्ञान, भक्ति और कर्म ही होकर रह जाते हैं।

अपनी बुद्धि द्वारा सृष्टि में व्याप्त एकात्म का एहसास, पूरी सृष्टि एक विराट जीवंत शरीर है और हम उसके जीवंत अंग है इस सच्चाई का एहसास ही ज्ञान योग है.

पूरी सृष्टि के प्रति प्रेम, समर्पण, श्रद्धा, संवाद और संवेदना का भाव रखना ही भक्ति योग है .

पूरी सृष्टि के प्रति संवेदनात्मक जुड़ाव महसूस करते हुए कार्य करना, सर्व हित में कार्य करना, सबके सुख दुःख को समझना, सबका ध्यान रखना,किसी को विरोधी न मानना, किसी को पीड़ा न पहुंचाते हुए यथासंभव जीवन यापन करना, यही कर्म योग है.

वास्तव में ज्ञानयोग, भक्तियोग और कर्मयोग तीनों ही एक दूसरे के पूरक हैं और जीवन में पूर्णता और आनंद तभी आता है जब तीनो योगों को समझा और और उन पर एक साथ अमल किया जाता है .

योग का अपने अंदर घटित कर लेने के बाद व्यक्ति की जीवनशैली कैसी हो जाती है वह संत कबीर के इस पद में देखिए –

"साधो सहज समाधि भली,
गुरू प्रताप जा दिन से जागौ, दिन–दिन अधिक चली।
जहँ–जहँ डोलौं सो परिकरमा, जो कुछ करौं सो सेवा।
जब सोवौं तब करौं दण्डवत, पूजौं और न देवा।
कहौं सो नाम, सुनौं सो सुमिरन, खाव–पियौ सो पूजा।
गिरह–उजार एक सम लेखो, भाव मिटावहु दूजा।
आँख न मूदौं; काम न रूँधौं, तनिक कष्ट नहिं धारौं।
खुले नैन पहचानौं हँसि–हँसि, सुन्दर रूप निहारौं।
शब्द निरन्तर से मन जागा, मलिन वासना त्यागी।
उठत–बैठत कबहु न छूटै, ऐसी तारी लागी।
कहैं कबीर यह उन्नमन रहनी, सो ही परगट गाई।
सुख–दुख से कोई परे परमपद, तेहि पद रहा समाई।

–सन्त कबीर

कबीर के इस पद का भाव या मूल मंत्र है दृष्टि की सम्पूर्णता और विशालता और जीवन की सहजता और सरलता।सादा जीवन, सादा विचार और सहज दृष्टि। जब दृष्टि सहज होती है, सरल होती है तो स्वतः ही सब कुछ दिखने लगता है ;संपूर्णता और विशालता अपने आप उसमें आने लगती है।

भाव यह है कि सहज समाधि बहुत भली है, प्यारी है, ज़रूरी है। किसी गुरु, सत्संग या आंतरिक साधना से जब हम जाग जाते हैं, आँखें खुल जाती हैं, आँखों की पट्टियाँ हट जाती हैं तो इसका अभ्यास होता ही होता जाता है

और ये खुद ही बढ़ती चली जाती है, सघन होती चली जाती है।

तब हम जहाँ जहाँ चल रहे हैं, जो जो यात्राएं कर रहे हैं सब उसी विराट सम्पूर्ण ईश्वर की परिक्रमा बन जाती है, जो कुछ भी इस शरीर से करते सब उसी की सेवा बन जाता है।

जब सोते या लेटते हैं, तो वह दंडवत हो जाता है; और फिर किसी छोटे या सीमित देवता की नहीं बल्कि उस संपूर्ण ईश्वर की, विराट ईश्वर को ही पाने और पूजने की भावना रहती है, उसी को पूजते हैं।

गृहस्थ और संन्यासी दोनों में भेद नहीं दिखता, सब एक जैसे दिखने लगते हैं और परायेपन का भाव ख़त्म हो जाता है, पूरी सृष्टि पूरा ब्रम्हाण्ड पूरा समाज, प्रकृति, धरती सब अपने ही लगने लगते हैं। परायेपन का भाव तिरोहित हो जाता है।

तब आँख नहीं बंद करनी पड़ती, आंखें खुली रहती हैं। योग साधना करने के लिए, ध्यान करने के लिए आँखों को बंद करने की आवश्यकता नहीं रहती है। और कोई काम भी बंद नहीं करते। सारा काम,सब कुछ, सारी लौकिक क्रियाएँ करते हुए भी योग साधना चलती रहती है। और कोई कष्ट भी, अनावश्यक कष्ट भी अपने शरीर को नहीं देते। सहज रूप से शरीर की देखभाल करते हैं और शरीर भी सहज रूप में अपनी क्रियाएं करता रहता है। अनावश्यक शरीर को कष्ट देने की आवश्यकता नहीं रहती।

खुली हुई आँखों से अंदर अंदर भाव विभोर होते हुए, हंसते–मुस्कराते हुए जो भी दिख रहा है उसको पहचानते हैं, पहचानने की कोशिश करते हैं; क्योंकि उस सबके वाह्य आवरण के अंदर/भीतर वही विराट सर्वव्यापी ईश्वर दिख रहा होता है, और उसके सुन्दर रूप को निहारते रहते हैं, मगन होते रहते हैं।

योग साधना के उन भावों और शब्दों में लगातार डूबे रहने से, लगातार अभ्यास से ही मन जाग उठता है और स्वतः ही मलिन वासनाएँ, गंदी वासनाएँ,अनावश्यक वासनाएँ ख़त्म होने लगती हैं,तिरोहित होने लगती हैं। यहाँ ध्यान देने की बात है कि सारी वासनाओं की वर्जना नहीं है; केवल मलिन वासना जो गंदी वासनाएँ हैं, जो अनावश्यक वासनाएँ हैं; जो सम्पूर्णता के एहसास के लिए, सम्पूर्णता से जुड़ाव के लिए नुक़सानदेह है उन्हीं वासनाओं का त्याग करना है।

ये योग साधना जब और सघन होती है तो यह लगातार चलती रहती है, उठते बैठते कभी छूटती नहीं है, इसकी लगन लग जाती है।यह हमारे पूरे व्यक्तित्व, जीवन और कार्य शैली को आच्छादित कर देती है।

कबीर दास कहते हैं कि यह जो उन्मन रहने की, जीवन की शैली है, अपने व्यक्तिगत मन से परे उस समष्टि के साथ जुड़ाव के एहसास के साथ रहने की शैली है उसे स्पष्ट रूप से वही समझ सकता है, वही गा सकता है, वर्णन कर सकता जो सुख और दुख दोनों के एहसास से थोड़ा ऊपर उठकर परम पद अर्थात निर्विकार और सम्पूर्णता से उपजे हुए और जुड़े हुए आनंद की अवस्था में स्थित हो गया हो, उसी आनंद में डूबा रहता हो।

एक बार पुनः अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर ढेर सारी बधाइयाँ और शुभकामनाएँ। जैसा कि नाम से ही विदित है यह अंतरराष्ट्रीय योग दिवस है यानि कि कम से कम हम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तो सबसे जुड़ें, जुड़ाव महसूस करें,इस धरती पर जितने लोग हैं, देश हैं, प्रकृति, पर्यावरण, जीवोक्रेसी और इस सम्पूर्ण धरती से तो जुड़ाव महसूस करें यह यही हमारे योग की सच्ची शुरुआत होगी। बाद में हम अपने सौर मंडल, सम्पूर्ण सृष्टि पूरे ब्रह्मांड और काल/समय (time/space) से जुड़ाव महसूस कर पाएँगे।

भोजपुरी आलेख

भोजपुरी के भवभूति पं0 धरीक्षण मिश्र

सुधाकर तिवारी

पं० धरीक्षण मिसिर भोजपुरी के विलक्षण कवि रहे और बेलाग कविताएँ लिखी। उन्हें भारतीय साहित्य अकादमी की ग्रंथमाला में शामिल होने का गौरव प्राप्त है, और ऐसे शायद वे अकेले भोजपुरी कवि है। डा. वेद उनकी ग्रंथावली भी हाल ही में प्रकाशित हुई है। डा. सुधाकर तिवारी का यह लेख लोक कवि पं० धरीक्षण मिसिर को कहार की सादर श्रद्धांजलि है।

–सम्पादकीय

भोजपुरी के सिद्ध आ विलक्षण कवि पं0 धरीक्षण मिसिर के जनम सं0 1958 की चैत्र रामनवमी तद्नुसार 28 मार्च 1958 के उत्तर प्रदेश के तत्कालीन गोरखपुर जिला बाद के देवरिया आ अबहीं के कुशीनगर जिला के तमकुही विकासखण्ड के बरियारपुर गॉव में भईल रहे। मिसिर जी के पिता के नॉव श्री जगदेव मिसिर आ उनके महतारी के नॉव फूलकली देवी रहे। उनुके बाबूजी एगो किसान रहनीं। वोह समय में पढ़े–लिखे के एतना चाव ना रहे आ केहू पढ़ाई–लिखाई पर एतना ध्यान देत रहे बाकी उहॉ के बाबूजी अपने लरिका के खूब आ बढ़िया से पढ़ावल चाहत रहनीं। मिसिर जी के प्राथमिक विद्यालय के पढ़ाई तमकुही की प्राइमरी स्कूले में भईल। पड़रौना मिडिल स्कूल से उहॉ का मिडिल के माने सातवीं दर्जा के परीक्षा पास कइनीं। हाई स्कूल में पढ़े खातिर उहॉ के नॉव बनारस की लन्दन मिशन ऑव हाई स्कूल में लिखाइल आ ओही जा से उहॉ का हाईस्कूल के इम्तहान पास कईनीं।

मिसिर जी पढ़ाई–लिखाई में बड़ा तेज रहनीं। लन्दन मिशन ऑफ हाईस्कूल में उहॉ के अध्यापक मि0 डब्ल्यू डी0पी0 हिल रहनीं। हिल साहब के मिसिर जी पर पूरा प्रभाव परल। उहॉ के मन में हिल साहब जवन ज्ञान आ पढ़ाई के बदे रुचि उत्पन्न कइलें ऊ जिनिगी भरि उहॉ के साथे रहल। मिसिर जी के वियाह बिहार के पच्छिमी चम्पारन जिला के बिरती गॉव के श्री हृदयपति तिवारी जी की सुघर कन्या देवराजी देवी से भईल। मिसिर जी के

भाई के नॉव सत्यनारायण मिश्र रहे। उनुके एगो अकेले लरिका रहे तप्पा मिसिर। तप्पा मिसिर के तीनि गो लरिका कैलासनाथ मिसिर , अमरनाथ मिसिर आ दिनेश मिसिर भईलें। मिसिर जी के घर खानदान भरल पूरल परिवार रहे आ अबहिन भी भरल पूरल परिवार बाटे।

धरीक्षण मिसिर जी हाईस्कूल कईला के बाद अपने गॉवे घरे रहि के आजीवन खेतीबारी कईनीं , स्वाध्याय की बलबूते लेखन कार्य कईनीं। घरे के लोगन के मन रहे कि उहॉ का नोकरी करीं पर उहॉ का नोकरी कईल पसन्द ना कईनीं। उहॉ के विकास स्वतन्त्र चेता मनई की नाईं भइल रहे। उहॉ के एह तरे की स्वाभिमानी रहनीं कि कबो उहॉ का बस चाहे ट्रेन के सवारी ना कईनीं। अगर कबो उहॉ का बस चाहे ट्रेन के सवारी चाहे अनचाहे करे के परे तब उहॉ के साथे एगो सहायक जात रहे। उऑ का ई सोचत आ मानत रहनी कि अइसन कईला से टिकट देबे वाला की आगे हाथ फइलावे के परे ला जवन उहॉ का कबो पसन्द ना रहे। टिकट देबे वाला के हाथ ऊपर रहेला आ टिकट लेबे वाला के हाथ नीचे रहे ला। उहॉ का देबे के सीखले रहलीं लेबे के नाही सीखले रहनीं। एह बेवहार आ व्यापार के उहॉ का जीवन भर निर्वाह कइनीं। उहॉ के अपने पड़ोसी आ ओह समय के तमकुही नरेश इन्द्रजीत प्रताप बहादुर साही के बहुत आ बार–बार आग्रह कइला के बावजूद जमीन –जायदाद नाहीं मंगनीं आ मगबो कइनी त "मानस पीयूष" जवन ओतनी बेरा गीता प्रेस गोरखपुर से छपल रहे, उ मंगनी। मानस पीयूश पढ़ि के उहॉ का ओके राज ग्रन्थागार तमकुहीराज के फेरू से वापस कइ देहनी।

लमहर आ फरहर जीवन जीयत उहॉ का सत्तानबे वर्ष की उमिरि में कार्तिक कृष्ण नवमी तदनुसार 24 अक्टूबर 1997 के ठीक दुपहरिया में अपने परिजन लोगन के बीचे में अन्तिम बेर सॉस लेहनीं। अपनी मुअला की

पूर्व प्राचार्य राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ओबरा सोनभद्र उ0प्र0 / निदेशक, भोजपुरी शोध संस्थान धौरहरा कालीबाग, फाजिलनगर कुशीनगर उ0प्र0 274401
ईमेल : tiwaridrsudhakar@gmail.com

समय उहॉ के मन मस्तिष्क पर कवनो दबाव तनाव कुछउ नाहीं रहे। उहॉ का सान्त भाव से यह असार संसार से विदा लेहनीं। ई बतिया बतावल जरूरी बा कि अपने अन्तिम विदाई से दू घण्टा पहिले उहॉ का अपने दाह संस्कार अउर श्राद्ध कर्म की बारे में अपने परिवार में सबके बता के तब विदा लेहनीं। सुनि के तनि अचरज सबके मनवा में लागी पर ई बतिया केहू से सुनल नाहीं ऑखिन के देखल हवे। अपने सरगे गईला के 20 मिनट पहिले।उहॉ का एगो कॉपी "हरे राम" लिखि के अचेत हो गईनीं। ई खाली एगो संयोगे कहल जाई कि नवमी की तिथि के आवे वाला महामानव नवमी की तिथ के ही हमनी से विदा ले लेहनीं। उहॉ के आईल आ गईल दूनू तिथिया नवमी ही बनि के रहल।

पं0 धरीक्षण मिश्र के व्यक्तित्व शान्ति, कठोर परिश्रम सादगी सहजता आ उदाहरता के जीवन रहे। सब धरमन के प्रति उहॉ की मनवा में सम्मान रहे। दूसरे खातिर जियल उहॉ का पसन्द रहे। दुखी मनई खातिर उहॉ की मनवा में अथाह करुणा आ प्रेम रहल। दीन दुखी, गरीब–गुरुबा के आगे बढ़ावे बदे उहॉ का बेचैन हो जात रहनी। कुछु करे बदे चिन्तित लउकत रहनीं। छूआछूत के उहॉ का विरोधी रहनी। प्रदर्शन, पाषण्ड, ढ़ोग उहॉ का तनिको पसन्द ना रहे। ऐसे एहॉ का कोसन दूर रहत रहनीं। सॉच कहे बदे, सॉच सुने बदे आ सॉच आचरण बदे उहॉ के मनवा में आग्रह रहे आ प्रबल आग्रह रहे। उहॉ का अपने जीवन में सायदे कबो झूठ बोलले होखबि। बाढ़ि के विभीषिका उहॉ का देखले आ भोगले रहनीं। भयंकर अग्निकाण्ड भी देखले रहनीं काहे कि जवने इलाका में उहॉ के घर बा वोह इलाका में हरदम घरवन में आगि लागे। सबके घरवा मड़इया के फूस के रहे। आगि लागे त बाग फसल खेत खरिहान घर बार सबके नुकसान होखे। वानर कुलि अनाज के फसलन के बड़ा नुकसान करें सन। एही बदे वानरन के आ गंगा के उहॉ का देव देवी चाहे माता कबो नाहीं मननीं। अपने पढाई के छह बरिस बनारस में रहला बितवला के बादो उहॉ का अपने जीवन में कबो भक्ति आ श्रद्धा भाव से गंगा में ना नहइनी। उहॉ का कबो कवनो मन्दिरो में ना गइनी। उहॉ का मन की पवित्रता पर विस्वास करत रहनीं। जबले कवनो बाती के अपने तरक की कसौटी पर ना कसि ली आ उहॉ की कसौटी पर उ खरा ना उतरे तब ले ओ पर उहॉ का कबो विस्वास ना कईनीं। मनई की मरजादा के गरिमा के उहॉ का बरोबर ध्यान राखीं आ एही कारण कबो गैर बरोबरी के ना अपने जिनिगी में समाये देहनीं आ ना सहन कईनीं।

क्वि जी सादगी के दूसरा रूप रहनीं, भाव रहनीं। एसे उहॉ के खॉटी गॉधीवादी कहल जा सकेला। उहॉ का गॉधी बाबा के अपने खुदे के जीवन में उतरले रहनीं। गॉधी बाबा के विचार खाली उहॉ के चिन्तन तक ना रहे। कम से कम में जीवन बसर कईल उहॉ की सुभाव में रहे। घरवा की लगवे उहॉ की अपने हाथे से रोपल बगइचा में फूस खर पतवार की झोपड़ी में बहुत कम सामान की साथ जेतना में काम चलि जा ओतने सामान के साथे चाहे ई कहीं कि गुजर–बसर भरि की सामाने के साथे रहल, जिनिमी बितावल उहॉ क पसन्द रहे। उहॉ के आचार–विचार खान–पान रहन–सहन सब सादा बिल्कुले सादा रहे। उहॉ का सुद्ध साकाहारी की साथे–साथे एकाहारी भी रहनीं। दूध –दही फल उहॉ के भोजन में बहुते पसन्द रहे।

गॉधी जी के छाप उहॉ के जिनिगी पर परल रहे। एही से 1930 में उहॉ का कपड़ा पहिरल त्यागि दीहनीं। उहॉ का पिस्तौल कट एके धोतिया में आधा पहिरि लीं आ आधा ओढ़ी लीं। घरवा में पढ़े वाला लरिकवन की कपियन में जवन पनवा बचि जा ओही के उपयोग उहॉ का शब्दार्थ लिखे में आ कवितव लिखे में कई लीं। ई मितव्ययिता उहॉ की जिनिगी के हिस्सा बनि गईल रहे। एहॉ का समय के बड़ा पाबन्द रहनीं। समय के सदुपयोग कइला के गुण आ कला उहॉ के भीतरा भरल रहे। एकरे साथे–साथे उहॉ का जिनिगी में कठोर अनुशासन के भी हिमायती रहनीं। उहॉ के बिहाने–बिहाने के समय अपना खुदे के पढ़ला–लिखला में बीतत रहे। उहॉ का रोजो सबेरे कम से कम चारि घण्टा के समय वाल्मीकि रामायण , अंगरेजी कविता के अनुवाद, डिस्कवरी ऑफ इण्डिया अमरकोष आ सिद्धान्त कौमुदी पढ़ला में बितावत रहनीं। इहे उहॉ के पूजा रहे। दिनवा में अपनी बगइचवा में कबे अकेल आ कबे बनिहरवन की साथे काम करे में बीते। दुपहरिया में खइला के बाद कुछ देर आराम करि के फेरू से पढ़ल आ लिखल के काम शुरू कइ देत रहनीं। सॅझिया की बेरा उहॉ का बहुते देरी तक ले पढ़ाई करीं। अन्हार भईला ले ई काम चलत रहे। अपना पढ़ाई की समय में केहू के आईल उहॉ का तनिको पसन्द ना रहे। अपनी पढ़इया की समइया में उहॉ का केहू से बतियावल पसन्द ना रहे। कबो कबो कवनो स्कूलिहा लरिका कुछू पूछे आवें सन त उहॉ का खुशी होखे आ ओ कुलिन्ह के पढ़ावे लागीं। अपने खुदे पढ़ी के उहॉ का अंगरेजी, हिन्दी, संस्कृत के पुरहर ज्ञानी बनि गइनीं।

घरीक्षण मिसिर जी के सगरो जिनिगी प्रकृति के साथे–साथे बीतल रहे। सायद उनकी लमहर उमिरिया इहो एगो कारण रहे। उहॉ का सरीर से कमजोर रहनीं दूबर पातर रहनीं बाकी मनवा से मजबूत आ स्वस्थ नीरोग रहनीं। पइऑ पइऑ चलना उनके आदत मे सुमार रहे। कवि सममेलन में , कवि गोष्ठी में कवना सभा सोसाइटी में भाग लेबे खातिर उहॉ का सत्तर साल की उमिरिया ले पइआं पइऑ चलि दीं। एहू उमिरि में उहॉ का तीस–चालीस किमीत्र ले पइऐं पइऐ घूमि आवत रहनीं। बड़ी कवनो मजबूरी होखे तबे उहॉ का बसे से भा ट्रेन से यात्रा करत रहनीं। उहॉ का सत्तनबे बरिस की उमर ले सायदे कबो बीमार परल होखबि। उहॉ के विस्वास प्रकृति आ प्राकृतिक चिकित्सा में अचूक रहे। दवाई के के प्रयोग उहॉ का सगरो उमिरि में कबो ना कईनीं। उपवास कइला में उहॉ के समानता खाली गॉधी जी से कईल हा सकेला अवरी केहू से नाहीं। सब कुछ मिला–जुला के उहॉ के जीवन एगो

तपस्वी के एगो साधक के जीवन रहे। एगो सच्चा साधू के एगो संन्यासी के जीवन रहे। एगो आदर्श गृहस्थ के जीवन रहे।

अपने विद्यार्थी जीवन से ही कविताई से उहॉ के लगाव झुकाव हो गइल रहे। बचपन में अहॉ का छोट् छोट् तुकबन्दी करे लागल रहनीं। तमकुही रियासत उहॉ के घरवा के सटले रहे।। रियासत में उहॉ के आइल–गईल रोज लागल रहे। तमकुही रियासत बड़ा समृद्ध आ सांस्कृतिक कार्यक्रम बदे सम्पन्न रियासत रहे। इहॉ सांस्कृतिक के अरथ आजुकाल्हि के स्कूलवन में होखे वाला गीत गवनई नाहीं फिल्मी गीतन के सांस्कृति कार्यक्रम नाहीं कहल जा सकेला ई उहॉ का ई मानत रहनीं। एहि रियासत के पुस्तकालय में ढ़ेर से किताबन के खानि रहे। पोथिया पढे के खातिर उहॉ का रोज रियासत तमकुहीराज ले जाईं आ सॅझिया ले घरवा लवटि आईं काहे कि ओहिजा उहॉ के पढ़े खातिर पोथी सुलभ रहलीं सन्। रियासत की पुस्तकालय में अपनी समय के प्रसिद्ध साहित्यिक पत्रिका "सुकवि" हर महीना बिना नागा के आवत रहे। एह पत्रिका के सम्पादक कविवर गया प्रसाद सुकुल 'सनेही' जी रहनीं। धरीक्षण मिसिर जी पर गया प्रसाद सुकुल 'सनेही' जी के बड़ा प्रभाव रहे। 'सुकवि' पत्रिका में छपे खातिर उहॉ का आपन कविता भी भेजत रहनीं आ ओहमे उहॉ के कवितवा छपबो करे।

तमकुही रियासत में दू जने बड़ा प्रतिभावान रहलें। एक जने रहने राजा साहब के सचिव बाबू कोदई राय जी आ दूसरका जने के नॉव रहे कविवर उमापति द्विवेदी। उमापति द्विवेदी जी संस्कृत पाठशाला के प्रधानाध्यापक रहनीं। उहॉ का ''पारिजात हरणम्'' महाकाव्य भी लिखले रहनीं। ई दूनू मनई धरीक्षण मिसिर जी के प्रशसंक आ प्रेमी रहे लोग। मिसिर जी की काव्य–प्रतिभा के विकास में ई दूनू जने के बड़ा योगदान रहे। तमकुही रियासत सांस्कृतिक रूप से बड़हन सम्पन्न रहे। रियासत की दरबार में रोज रोज कवनो ना कवनो समारोह होखे। राजा साहब के मुँहलगा आ प्रिय कवि होखले की नाते मिसिर जी का भी अपनी कविताई सुनावे के सबकी बीच में आदर पावे के खूब समय मिले। उहॉ के यश चारों ओर फइलल लागे रहे। रियासत से सम्मान पवला से लोग उहॉ के राजकवि भी कहे पर, स्वतन्त्रचेता मिसिर जी कबो अपना के राजकवि ना लिखनी आ ना कहववनी चाहे ना मननीं।

पं0 धरीक्षण मिसिर जी की काव्य प्रतिभा के विकास धीरे–धीरे भईल। तुकबन्दी, समस्यापूर्ति आ तात्कालिक सन्दर्भों पर आशु कविताई के स्थान पर उहॉ का गम्भीर आ झकझोरे वाला कविताई लिखीं। एही तरे उहॉ की कविताई के विकास भईल। उहॉ के कविताई मुखर होखे लागल। उहॉ का जीवन जगत् से जुड़ल कविताई लिखे लगनीं। उहॉ का अपने समय के बड़ा सावधानी से आ पारखी दृष्टि से देखनीं। राजनीतिक– सामाजिक जवन–जवन बदलाव भईल ओह सबके उहॉ का मजबूती से अनुभव कईनीं ओ सबके उहॉ का गवाह रहनीं। एह बस बदलाव के उहॉ की संवेदनशील मनवा पर असर परल। इहे एगो बड़हन कारण रहे कि उहॉ के कविता समाज के भीतर पइठत चलि गईल। उहॉ के काव्यात्मक परिणिति बड़ा गहिर आ फइलल रहे। व्यंग्य उहॉ के कविता के आधार रहे, प्रकृति रहे, प्रवृत्ति रहे। राजनीति, समाज के जेतना बुराई रहे दोष रहे ओह सब पर उहॉ का आपन कलम चलवनीं। जीवन मे सच्चाई, ईमानदारी के अपनावे वाला ओह रास्ता पर चले वाला कवि मिसिर जी राजनीति आ समाज के भीतर के बुराई, दोष देखि के तिलमिला जात रहनीं। इहे कारन रहे कि उहॉ का गम्भीर आ शिष्ट व्यंग्य की ब्याज से भोजपुरी साहित्य के उत्कर्ष आ ऊँचाई देहनीं। उहॉ के रचना अतुलनीय आ स्पृहणीय बाड़ी सन्। भोजपुरी उहॉ के कविता के भाषा रहे आ व्यंग्य उहॉ के प्रसिद्ध विधा रहे। ई दूनू में उहॉ के केहू जोड़ीदार ना बा।

कविता में उहॉ का छन्द आ अलंकार के महत्व मननीं, स्वीकार कईनहीं आ एही तरे छन्दोबद्ध अलंकार युक्त रचना खातिर अपने समय के कवि लोगन के प्रेरित कईनीं। हिन्दी साहित्य के सुप्रसिद्ध महाकवि आचार्य केसव दास जी का उहॉ का घोर प्रसंसक रहनीं। सेनापति आ केसवदास जी उहॉ के प्रिय कवि रहे। उहॉ की कविताई पर ई दूनू कवि लोगन के साफ–साफ छाप आ प्रभाव लउकल बा। हिन्दी साहित्य में जेतना भी प्रचलित आ वेवहार में आवे वाला अलंकार आ छन्द बा उ सबके सब मिसिर जी अपने स्वरचित कविताई में उदाहरण देके संस्कृत की अलंकारशास्त्र के भोजपुरी में पहिला बेर पिंगलशास्त्र के परिपाटी अपनवनी। उहॉ का भोजपुरी के आचार्य हईं। अइसन अइसन अलंकारन के कुल संख्या एक सौ चालीस गो बा। एमे शब्दा आ अर्था दूनू अलंकार मिल बाड़ें। भोजपुरी में उहॉ का कुछू नयो अलंकार के विधान कईनी आ उदाहरण भी देहनीं। एही तरे उहॉ का नया अलंकार नया छन्द के प्रयोग भी कईनी।भोजपुरी में अलंकारशास्त्र के रचना करे वाला उहॉ का पहिला कवि पहिला आचार्य हईं।

छन्दन पर मिसिर जी के असाधारण आ बेजोड़ अधिकार बाटे। उनकी कविताई में संस्कृत आ हिन्दी के सगरो छन्दन के प्रयोग मिलले ला। संस्कृत के कठिन से कठिन जाने जाये वाला छन्दन के भी उहॉ का आसानी आ सुगमता से प्रयोग कईले बानीं। विद्युन्माला, वंशस्थ, शशिवन्दना, सूर, मालिनी, भुजंगप्रयात, इन्द्रवज्रा, निधि आदि छन्दन के सफलप्रयोग उहॉ का भोजपुरी में कईनीं आ क के देवनीं कि भोजपुरी में छन्दविधान से कविता लिखल जा सकेला। संस्कृत में उहॉ के पकड़ अद्भुत रहे। संस्कृत के बड़े–बड़े पण्डित लोग भी उहॉ के छन्द विधान देखि के विस्मित हो जाला लो। संस्कृत के शब्दन के आ धातु रूपन के आधार बना के उहॉ का कुछू अइसनों कविता लिखले बानीं जेके रस खाली संस्कृत के व्याकरण के विद्वानन के ही मिल सके ला चाहे संस्कृत के व्याकरणाचार्य लोगन के। संस्कृत–व्याकरण,

अलंकार–प्रयोग आ शब्द कौतुक के कारण उहॉ के कविताई कहीं –कहीं बड़ा कठिन हो गईल बा। एही से ऊ सामान्य सुने वाला चाहे सामान्य बॉचे वाला की पहुॅच से बहुत दूर हो गईल बा।

धरीक्षण मिसिर जी स्वभाव से बड़ा संकोची, स्वाभिमानी आ निस्पृह रहनीं। उहॉ का अपनी कवतवन खातिर भी बेहद लापरवाह रहनीं। कबे उहॉ का अपने कविताई के संग्रह छपवावे खातिर कवनो रुचि नाहीं देखवनीं। उहॉ की बारे में कहल जाला कि उहॉ का "पछावे से अधिका छिपावे में" विस्वास करत रहनीं। इहे कारन रहे कि उहॉ का एगो लम्बा समय ले अपने सम्पर्क में आवे वाला लोगन के बीवचे में रहि गईनीं। कवि मंचन प, कवियों की मंडली में साहित्य–समाज ले उहॉ के लमहर समय तक केहू नाही जानत रहे। ना छपला के कारन उनके कविताई व्यापक सुधी समाज तक नाहीं चहुॅप पावल रहे। उहॉ की हीरक जयन्ती पर उनके चाहे वाला पं0 सुदामा सुकुल, पं0 केदारनाथ मिसिर, डॉ0 राजकुमार पाण्डेय, श्री रामप्रसाद लाल श्रीवास्तव की सहयोग से उहॉ के पहिलका काव्यसंग्रह शिव जी के खेती 1977 में छपल रहे। बाद में डॉ0 वेदप्रकाश जी पाण्डेय के सहयोग से दूसरा संग्रह 1995 में "कागज के मदारी" छपल। उहॉ के यह असार संसार से विदा लेहला की बाद उहॉ के कुल्हि कवितवा "धरीक्षण मिश्र रचनावली" नाम से चार खण्ड में छपल। हमरे गुरु परम्परा के डॉ0 रामदेव सुकुल जी उहॉ के जिनगी पर एगो उपन्यास "कलम और कुदाल" लिखनीं जवन छपल। उहॉ की कविताई पर समय –समय पर ढेर से साहित्यिक संस्था उनके सम्मानित कईली सन्। येह कड़ी में पहिला प्रयास डॉ0 अरुणेश नीरन जी कईनी आ विश्व भोजपुरी सम्मेलन से उहॉ के "सेतु सम्मान" से 1995 में सम्मानित कइल गईल। साहित्य अकादमी नई दिल्ली से उहॉ के 1997में भाषा सम्मान भी मिलल।

मिसिर जी के प्रशंसक आ शुभेच्छु लोग मिलि के उहॉ की साधना स्थली के कवि के प्रिय बगइचा मे एगो पत्थर के मूर्ति स्थापित कईल आ उहॉ के प्रति आपन प्रेम के श्रद्धा के भाव देखावल। मिसिर जी की जन्मतिथि पर हर साल रामनवी के दिने एगो विशिष्ट साहित्यिक कार्यक्रम आयोजित होखे ला। ई कार्यक्रम 1993 से हर साल होला। ई भाव, ई क्रम आजुओ 2025 तक ले चलि आवत बा। ई सब कार्यक्रम श्रद्धा भाव स्वतःस्फूर्त प्रेरणा आ जन सहयोग से बिना नागा के चलि आवत बाटे। भोजपुरी के पहिलका आचार्य धरीक्षण मिसिर जी के साहित्य यात्रा में भोजपुरी अंचल के समूचा संस्कृति उद्भाषित बाटे। पूर्वी उत्तर प्रदेश के तमकुहीराज कुशीनगर क्षेत्र के बरियारपुर के धरती पर जनम लेबे वाला धरीक्षण मिसिर आजु कवनो परिचय के मोहताज नईखन। धरीक्षण मिसिर लोकभाषा भोजपुरी के महान् साहित्यकार रहनीं। व्यंग्य उहॉ के प्रकृत विधा रहे। काव्य में उहॉ का रस, छन्द, अलंकार के आग्रही रहनीं। उनुकी कविताई में अलंकार अउर छन्दन के पसराव उनके सामर्थ्य आ गौरव के बाति हवे। संस्कृत के प्राचीन आचार्य लोगन की तरे काव्यशास्त्र की मर्यादा में रहि के काव्य रचना के उहॉ का साधक रहनीं। भोजपुरी जइसन लोकभाषा में उहॉ का संस्कृत के कठिन से कठिन आ अरुझाइल मानल जाये वाला छन्दन शिखरिणी और अमृत ध्वनि के सार्थक आ सफल प्रयोग अपनी भोजपुरी कविताई कईनीं। इहे कारन बा कि बहुमुखी प्रतिभा के धनी येह कवि के भोजपुरी साहित्य जगत् में शीर्ष स्थान मिलल।येही नाते मिसिर जी जइसन प्रसिद्ध कवि के भोजपुरी के कबीर कहि के लोग सम्मानित करे ला। वइसे उहॉ का सामाजिक जीवन के विद्रूपता के वर्णन अपनी कविताई में अधिक कइले बानी। उहॉ का समाज के हर वर्म श्रेणी धर्म आदि पर आपन लेखनी चलवले बानी लेकिन "कबना दुखे डोली में रोवत जाली कनिया"' ओतनी बेरा की समाज के कुरीति, अव्यवस्था पर लिखल महाकाव्यात्मक पृष्ठभूमि के गीति में संवेदना औा हृदय के मर्म के छूवे वाला, भाव में डूबे वाला अविस्मरणीय गीति बनि गईल। उहॉ का साबित कइनीं कि खाली महाकाव्व लिखि के केहू महाकवि ना बनि सकेला बिना महाकाव्य लिखले भी महाकवि कहावल बनल जा सकेला। महाकवि बने कहावे खातिर महाकाव्य लिखल कवनो जरूरी नईखे एगो भावप्रवण, मर्मस्पर्शी संवेदषील कविता लिखि के भी महाकवि बनल आ कहावल जा सकेला। धरीक्षण मिसिर जी सामने वाला खड़ा आदमी के महानता के ओकरे पद गरिमा के व्यक्तित्व के कवनो चिन्ता कइला बगैर बेधक आपन कविता आपन बाति सुनावे में कवनो कबो संकोच नाहीं कईनीं। उहॉ का भिखारी ठाकुर की परम्परा के आगे बढ़ावे के काम कईनीं। उहें की एगो कविता के दो पंक्ति के साथे इम आपन बाति पूरा कईल चाहबि जवना में उहॉ का अपने घर–ऑगन, बाग–बगइचा क्षेत–खरिहान के उकेरले बानीं –

लोकतन्त्र के मानी ई बा लोकि लोकि के खाईं जिन,

गिरला के आसा करिहें हाथ मलत पछताई ए भाई

अइसन राज ना आई ए भाई अइसन राज ना आई।

व्यक्तित्व

सफलता की कहानी किसान की जुबानी

*पार्थ प्रतीक[1] एवं रुद्र प्रताप सिंह[2]**

वंश गोपाल सिंह एक ऐसे प्रगतिशील किसान हैं, जिन्होंने सब्जियों की उन्नत किस्मों का उत्पादन, विपणन और एकीकृत कृषि प्रणाली को अपनाकर कृषि क्षेत्र में एक नया आयाम हासिल किया है। वंश गोपाल सिंह आजमगढ़ जिले के विकासखंड अजमतगढ़ के ग्राम कोठा निवासी स्व. शिवनाथ सिंह के पुत्र हैं। वंश गोपाल सिंह का जन्म 2 फरवरी 1966 को हुआ था। इन्होंने बीएचयू जैसे प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय से कृषि में परास्नातक की डिग्री प्राप्त की और एक सफल उद्यमी बनने की दिशा में कदम बढ़ाए।

इन्होंने शुरुवात अपने गाँव कोठा में आधे एकड़ भूमि पर सब्जियों की उन्नत किस्मों का उत्पादन और विपणन करने से किया। ये नियमित रूप से विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों और विश्वविद्यालयों, जैसे भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली, भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान (आईआईवीआर) वाराणसी, बीएचयू वाराणसी, आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय अयोध्या, कृषि विज्ञान केंद्र आजमगढ़, इत्यादि जगहों पर जाकर नवीनतम ज्ञान हासिल करते रहें और उसे अपने उद्यम में लागू करते रहते हैं, जिससे वे अपने व्यवसाय को निरंतर बढ़ा रहे हैं। धीरे–धीरे अपने उद्यम को बढ़ाते हुए, अब 15 एकड़ से अधिक भूमि पर एकीकृत कृषि प्रणाली, जिसमे धान, गेहूं, दलहन, तिलहन, बागवानी, मत्स्य पालन, मधुमक्खी पालन, वर्मी कम्पोस्ट इत्यादि का उत्पादन कर रहे हैं तथा करोड़ों का मुनाफा कमा रहे हैं। इनके नवाचार से प्रभावित हो कर जिले तथा जिले के बाहर के हजारों किसान जुड़ कर नई कृषि तकनीकी के बारे मे ज्ञान प्राप्त कर रहे है तथा नये उद्यम स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं।

वर्तमान में, इन्होंने खुद को एक उद्यमी से कहीं अधिक साबित किया है। उद्यमिता के साथ–साथ रोजगार के अवसर प्रदान कर समाज सेवा का भी कार्य कर रहे हैं। इनके इस सफलता से प्रभावित होकर विभिन्न प्रतिष्ठित कृषि वैज्ञानिकों द्वारा उनके फार्म का

नाम– श्री. वंश गोपाल सिंह
पता– ग्राम–कोठा, वि.ख. अजमतगढ़
जनपद–आजमगढ़
मो. : +91 9415276605

निरीक्षण समय–समय पर किया जाता है। वंश गोपाल सिंह जी को विभिन्न प्रतिष्ठित पुरस्कारों से भी सम्मानित किया गया है।

निम्नलिखित तालिकाएं वंश गोपाल सिंह जैसे बहुत ही प्रगतिशील और संभावनाशील किसान द्वारा अर्जित कुल आय और शुद्ध लाभ के स्तर को दर्शाती हैं।

विवरण	कुल आय (रु०/हे०)	शुद्ध आय (रु०/हे०)
फसलें	2,37,290	1,52,550
बागवानी	13,85,000	8,50,000
पशुपालन	1,40,000 / वर्ष	50,000 / वर्ष
मत्स्य पालन	1,55,000 / वर्ष	98,000 / वर्ष
मधुमक्खी पालन	1,40,000 / वर्ष	88,000 / वर्ष
वर्मीकम्पोस्ट / त्वरित कम्पोस्ट	2,15,000 / वर्ष	1,70,000 / वर्ष
योग	22,72,290	14,08,550

[1]रिसर्च स्कालर (टी०डी०पी०जी० कॉलेज,जौनपुर (उ०प्र०)
[2]सह प्राध्यापक, कीट विज्ञान विभाग, आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज, अयोध्या (उ०प्र०)–224 229
ईमेल : rudrapsingh.doe@gmail.com

प्रमुख उपलब्धि

- श्री बंश गोपाल सिंह ने एकीकृत कृषि प्रणाली अपनाते हुए वाणिज्यिक स्तर पर गुणवत्तायुक्त नर्सरी उत्पादन एवं बिक्री से रोजगार व आय प्राप्त कर रहे हैं तथा साथ में कृषि उद्यमिता को भी बढ़ावा दे रहे हैं।
- श्री सिंह के फार्म पर सरकारी एवं गैर सरकारी बैठक, बच्चों की पार्टी, प्रश्नोत्तरी, पोस्टर शो, वाद विवाद एवं पेंटिंग प्रतियोगिता, प्लांट शो आदि का आयोजन भी होता रहता है जो कृषि में पर्यटन की असीम संभावनाओं को दर्शाता है।
- कोविड महामारी के दौरान भी श्री सिंह ने अपने यूटिलिटी वैन की सहायता से आस पास के जिलों के अलावा बिहार, उत्तराखंड, झारखंड आदि राज्यों में तथा नेपाल में सब्जी पौध की बिक्री से लगभग 12.5 लाख रुपये कमाए।
- तकनीकी, योजनाओं एवं गुणवत्ता युक्त रोपण सामग्री व अन्य मूल्यवर्धित उत्पादों को किसानों को उपलब्ध कराने के लिए एकल खिड़की वाले संसाधन केंद्र का विकास किया है तथा अपने व्यवसाय में 1.0 करोड़ से अधिक का टर्न ओवर कर रहे हैं।
- जैविक सब्जियों का उत्पादन करके वाट्स एप ग्रुप के माध्यम से शहर के लोगों को प्रतिदिन रसायन मुक्त सब्जी उपलब्ध करा रहे।
- अब तक हजारों लोगों को प्रशिक्षित कर स्वरोजगार को बढ़ावा दिया है जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार व आय में वृद्धि हुई।

सम्मान / पुरस्कार

- भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली द्वारा आयोजित किसान मेले मे मा० केंद्रीय कृषि मंत्री, भारत सरकार द्वारा फार्मर्स फेलो अवार्ड 2023 ।
- भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली द्वारा आयोजित किसान मेले मे मा० केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री, भारत सरकार द्वारा नवोन्मेषी कृषक पुरस्कार 2021 (पूरे देश से 35 किसानों का चयन)।
- भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद–राष्ट्रीय पादप जैव प्रौद्यगिकी संस्थान, नई दिल्ली द्वारा कृषक मित्र सम्मान 2019।
- भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद–राष्ट्रीय कृषि उपयोगी सूक्ष्मजीव ब्यूरो, कुशमौर, मऊ द्वारा वर्ष 2018 में सूक्ष्मजीव तकनीकी अपना कर व्यापक प्रचार प्रसार करने हेतु प्रशस्ति पत्र।
- राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंध संस्थान (मैनेज), हैदराबाद द्वारा उत्कृष्ट कार्य हेतु कृषि उद्यमी पुरस्कार 2017।
- आज़मगढ़ महोत्सव में तकनीकी क्रिया–कलापों को सूचनाप्रद व उत्कृष्ट तरीके से प्रदर्शित करने हेतु प्रशस्ति पत्र।
- केवीके के वैज्ञानिक सलाहकार समिति के सदस्य।
- प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की सहायता से डाक्यूमेंट्री फिल्म, सफलता की कहानी, नवोन्मेषी तकनीकी की जानकारी आदि प्रसारित की गई।

हरियाणवी रागिनी

म्हारी सेहत

रणवीर सिंह दहिया

बिना रूजगार पैसा मिलै ना, बिना पीस्से या दाल गलै ना
बिना दाल सेहत बणै नौ, इन बिन पूरा इलाज नहीं ।।
हमारे शरीर को चाहिये खाणा साफ पाणी और हवा
इनके बिना सेहत बणै ना कितनी ए खाल्यो चाहे दवा
प्रदूषण कौण फैलावै देखो, ये साधन कौण घटावै देखो
जिम्मै गरीबां के लावै देखो, क्यों उठै म्हारी आवाज नहीं ।।
आदमी के रहने के लिए यो हवादार मकान चाहिये
दिमाग की सेहत की तांहि समाज मैं ना तनाव चाहिये
प्रबन्ध हो डॉक्टर दवाई का, पूरा माहौल साथ सफाई का
आदमी की सेहत सवाई का, दुनिया कहती है राज यही ।।
बीमारी के कारण के के हों जो इनकी हमनै टोह कोण्या
म्हारी सेहत ना ठीक हो जो म्हारा इसमैं मोह कोण्या
लोगां की सही भागीदारी बिना, असली नीति सरकारी बिना
विकास मैं हिस्सेदारी बिना, स्वास्थ्य रहवै समाज नहीं ।।
अपनी सेहत योजना जिब शहर और गाम बणावैं रै
ग्राम सभा मिल बैठ कै सही अपणे सुझाव बतावैं रै
फेर बदलैगी तस्वीर या, देस की बणैगी तहरीर या
लिखै सही बात रणबीर या, फेर चिड़िया नै खा बाज नहीं ।।

पी–27, इन्द्रप्रस्थ कालोनी, सोनीपत रोड, रोहतक–124001
ईमेल : dahiyars@rediffmail.com

चित्रकला (भोजपुरी) समकक्ष समीक्षित

भोजपुरी भित्ति–चित्रकला क सौन्दर्य आ नया–नया जतन

वंदना श्रीवास्तव

भोजपुरी भित्ति–चित्रकला के सौन्दर्य भोजपुरी क्षेत्र के सांस्कृतिक धरोहर के एगो अमूल्य रत्न ह। हम जब दिल्ली सरकार के साहित्य कला परिषद के सदस्य रहनी तब आ ओकरा से बहुत पहिलहीं से येह कला खातिर मनोजोग आ उत्जोग कर रहल बानी। भोजपुरी कला–परंपरा भोजपुरी समाज के लोकसंस्कृति, सांस्कृतिकता आ दैनिक जीवन के चित्रित करे के माध्यम रहल बा। भित्ति–चित्रकला खास करके ग्रामीण इलाकन में, घरन के दीवार, चौपाल आ धार्मिक स्थलों पर उकेरल जाला। ई कला ना सिर्फ देखे में सुंदर लागेला बल्किन एकरा में समाज के जीयल–जागल परंपरा, रीति–रिवाज आ लोकजीवन के गहराई से समझे के अवसर मिलेला।

भोजपुरी क्षेत्र में भित्ति–चित्रकला के परंपरा प्राचीन काल से चलत आइल बा। खास करके पूजा–पाठ, तीज–त्योहार, आ बड़का धार्मिक अनुष्ठान के अवसर पर घर के दीवार आ फर्श सजावल जात रहल बा। एहि चित्रकला में प्राकृतिक रंग आ देसी सामग्री के इस्तेमाल होखेला, जेकरा से ई पर्यावरण के संग मेल खाए वाला बनावटी कला बन जाला। माटी, चूना, गोबर, आ फूल–पत्ता के इस्तेमाल से रंग बनावल जाला, जेकरा से घर के दीवारन पर तरह–तरह के आकृति उकेरल जाला।

भोजपुरी भित्ति–चित्रकला में देवी–देवता, लोकगाथा आ धार्मिक कथा के मुख्य विषय के रूप में चित्रित कइल जाला। उदाहरण के तौर पर, भगवान राम, श्रीकृष्ण, माता सीता आ देवी दुर्गा के चित्र भोजपुरी भित्ति–चित्रकला में खासे देखल जाला। एही के साथ–साथ, गांव के जीवन आ सांस्कृतिक परंपरा, जैसे खेती–बारी, बियाह–शादी आ मेला–ठेला के दृश्यो ए चित्रकला में शामिल कइल जाला। एह चित्रकला में भोजपुरिया लोकजीवन के विविधता आ सुंदरता साफ–साफ झलकेला।

एह कला के सौंदर्य खाली ओकरे रंग–रूप में नइखे, बलुक ई कला भोजपुरी समाज के सामूहिकता आ रचनात्मकता के भी प्रतीक बा। जइसे कि, गांव में भित्ति–चित्रकला बनावे के काम आमतौर पर समूह में कइल जाला। मेहरारू आ बच्चा लोग एक साथ मिलके चित्र बनावे में हिस्सा लेला। ई ना खाली कला के विकास के माध्यम बा, बल्किन सामूहिकता आ मेलजोल के भावनो के मजबूत करे वाला प्रक्रिया बा।

भोजपुरी भित्ति–चित्रकला के विशिष्टता ओकरा डिजाइन आ पैटर्न में बा। ई चित्रकला में साधारण ज्यामितीय आकृति, फूल–पत्ती, जानवर आ मानव–आकृति के इस्तेमाल होखेला। ई सब चीज आपस में मिलके एगो अद्भुत सौंदर्य रचेला। एकर रंगीनता, विविधता आ जीवन के प्रतीकात्मकता दर्शक के मन मोह लेला।

हालांकि, आधुनिकता के प्रभाव आ शहरीकरण के चलते ई परंपरा अब कमजोर पड़त जा रहल बा। नया पीढ़ी के लोग एहन परंपरा से दूर होत बा आ ई कला धीरे–धीरे विलुप्त होखे के कगार पर बा। बाकिर आजो भोजपुरिया समाज के कुछ हिस्सा, खास करके गांव में, एह परंपरा के जीवित राखे में लागल बा। ई जरूरी बा कि भोजपुरिया भित्ति–चित्रकला के बचावे आ बढ़ावे के प्रयास होखे।

आज के समय में, भोजपुरी भित्ति–चित्रकला के संरक्षित करे खातिर कुछ कदम उठावल जा सकेला। उदाहरण के रूप में, विद्यालय आ कॉलेज में कला से जुड़ल पाठ्यक्रम

देवलास, मऊ (उत्तर प्रदेश)
ईमेल : vandanasrivasta70@gmail.com

में भोजपुरी भित्ति–चित्रकला के शामिल कइल जा सकेला। साथे, सरकार आ गैर–सरकारी संगठन के भी चाहीं कि ई कला के प्रोत्साहन देवे खातिर अभियान चलावल जाव। एकरा अलावे, डिजिटल प्लेटफॉर्म आ सोशल मीडिया के माध्यम से भोजपुरी भित्ति–चित्रकला के प्रचार–प्रसार कइल जा सकेला, ताकि लोग एकरा बारे में जाने आ समझे।

भोजपुरी भित्ति–चित्रकला ना खाली एगो कला रूप ह, बलुक ई भोजपुरिया समाज के जीयल–जागल इतिहास ह। एह कला में भोजपुरिया लोग के मेहनत, रचनात्मकता आ संस्कृति के अद्भुत झलक देखे के मिलेला। एकर रंग आ आकृति भोजपुरिया लोकजीवन के सादगी आ सुंदरता के बखूबी चित्रित करत बा। एह कला के बचावे आ बढ़ावे खातिर हमनी के सामूहिक प्रयास करे के जरूरत बा, ताकि ई अनमोल धरोहर आवे वाली पीढ़ियो के प्रेरणा दे सके।

भोजपुरी भित्ति–चित्रकला केवल दीवार पर बनल चित्र ना ह, बलुक ई भोजपुरिया समाज के आत्मा के रंगीन अभिव्यक्ति ह। एह कला के सौंदर्य के समझल आ एकरा से प्रेरणा लेके भोजपुरिया समाज के विकास आ सांस्कृतिक संरक्षण में भूमिका निभावल हमनी सबके जिम्मेदारी बा।

भोजपुरी भित्ति–चित्रकला के सौंदर्य भोजपुरिया समाज के सांस्कृतिक, धार्मिक आ सामाजिक जीवन के गहराई तक ले जाले। ई सिर्फ चित्रकारी ना ह, बलुक भोजपुरी के आत्मा, ओकरा लोग के सोच–विचार, विश्वास आ आस्था के रंगीन झलक ह। भोजपुरी भित्ति–चित्रकला के इतिहास बहुत पुरान बा आ एकर जड़ भारतीय संस्कृति के प्राचीन परंपरन में गहराई से बन्हाइल बा। एह कला के सौंदर्य में केवल रंग आ रेखा के आकर्षण नइखे, बल्किन एह में भोजपुरिया लोकजीवन के सजीवता आ सरलता झलकत बा।

भोजपुरी भित्ति–चित्रकला के एक खास बात ई बा कि ई समाज के हर वर्ग आ हर क्षेत्र के आपन प्रतिनिधित्व देला। चाहे किसान के खेत के मेहनत होखे या मेहरारुन के आंगन में चउका–पुराइल , पशु पच्छी , सूरज–चनरमा , अकास, वायु , जल आदि : हर प्रसंग आ चित्र भोजपुरी के लोकसंवेदन के अभिव्यक्ति ह। ई कला– परंपरा खास करके गांव के घर–घर में जीवित बा। आंगन के दीवार, घर के कोना आ त्योहारन के अवसर पर अंगना , दुवार , देवाल सजावे के परंपरा आजो भोजपुरिया समाज के एक महत्त्वपूरन हिस्सा बा।

एह भित्ति–चित्रकला में प्राकृतिक सामग्री के इस्तेमाल होल। माटी, गोबर आ चूना से दीवार तैयार कइल जाला आ ओकरा बाद लोकल सामग्री, जैसे हल्दी, नीम के पत्ता आ फूल से रंग बनावल जाला। रंग चाहे सीमित होखे लेकिन एकर प्रभाव गहिर आ अर्थपूर्ण होला। ई रंग भोजपुरिया लोकजीवन के सादगी आ प्राकृतिक सौंदर्य के प्रतीक ह। अब येह कला के बढ़ावे खाती पारम्परिक रंग के अलावा पेन्सिल, पेन, वाटर कलर, एक्रेलिक कलर, कोस्टल कलर आदि के इस्तेमाल कइल जायल चाहीं। काहे से कि भोजपुरी कला के बनावल आ बचावल जरूरी ह। त्योहार, दुवार, अंगना ले एके सीमित ना रख के कागज, कपड़ा, लकड़ी, पत्थर आदि पर प्रयोग करे कें चाहीं ताकि भोजपुरी कला बेर–बेर नजर में आवे।

भोजपुरी भित्ति–चित्रकला में जवन आकृतियन बनावल जाली स, ऊ सब लोककला, धर्म आ रीति–रिवाज के सजीव चित्रण होली। उदाहरण के तौर पर, भगवान राम के अयोध्या वापसी, श्रीकृष्ण के रासलीला या ग्रामीण जीवन के रोजमर्रा के दृश्य, जइसे चरखा चलावत मेहरारू या खेत में काम करत किसानकृसबकुछ ई चित्रकला में जीवंत लागेला। एकरा अलावा, भोजपुरिया पर्व–त्योहार, जइसे छठ पूजा, होली, दिया देवारी, नाग पंचमी आ वियाह–शादी के अवसर पर बनल चित्र एकर विशेषता बढ़ावेला।

भोजपुरी भित्ति–चित्रकला ना केवल धार्मिक आ सांस्कृतिक अभिव्यक्ति के माध्यम बा बल्कि ई समाज के इतिहास के भी झलके। एकरा में भोजपुरिया समाज के संघर्ष, जइसे प्राकृतिक आपदा के सामना, पलायन के पीड़ा आ सामाजिक असमानता के भावो शामिल बा। हर आकृति आ हर रंग एह भावनन के गहराई से चित्रित करेला।

आज के समय में, जब आधुनिकता आ शहरीकरण तेजी से बढ़ रहल बा, भोजपुरी भित्ति–चित्रकला पर एकर असर देखल जा रहल बा। एकरा पुरान स्वरूप के बचावल आ संजोवल एक चुनौती बन गइल बा। नयका पीढ़ी, जवन अब शहर आ आधुनिकता के ओर बढ़ रहल बा, ऊ एकरा परंपरा से दूर होत जा रहल बा। एही से ई जरूरी बा कि भोजपुरिया समाज आ सरकार मिलके एह कला के बचावे आ एकरा में नयापन लावे के प्रयास करे।

भोजपुरी भित्ति–चित्रकला के प्रचार–प्रसार खातिर विद्यालय आ कॉलेज में एकरा पाठ्यक्रम में शामिल कइल जा सकेला। साथे, भोजपुरी भित्ति–चित्रकला पर आधारित प्रतियोगिता आयोजित कइल जा

सकेला, ताकि बच्चा आ युवा एकरा बारे में जाने आ एकर महत्व समझे। डिजिटल प्लेटफॉर्म, सोशल मीडिया आ ऑनलाइन सामग्री के माध्यम से भी एकरा के बढ़ावा दिहल जा सकेला।

आज के समय में, भोजपुरिया कलाकारन के चाहीं कि ई परंपरागत कला के नया रूप देवे। आधुनिक आकृति आ विषय के जोड़ के साथ, पारंपरिक रंग आ शैली के मेल से भोजपुरी भित्ति–चित्रकला के वैश्विक मंच पर पहुंचावल जा सकेला। जइसे आधुनिक गैलरी, आर्ट एग्जीबिशन, आ फिल्म आ डिजिटल मीडिया के माध्यम से एकरा के दुनिया के समक्ष प्रस्तुत कइल जा सकेला।

भोजपुरी भित्ति–चित्रकला केवल दीवार पर बनल चित्र नइखे, बलुक ई भोजपुरिया संस्कृति के सजीव दस्तावेज बा। ई कला भोजपुरिया समाज के सादगी, रचनात्मकता आ सामूहिकता के प्रतीक ह। एह कला के जियावल, एकरा में नयापन लावल आ एकरा के राष्ट्रीय आ अंतरराष्ट्रीय पहचान दिहल भोजपुरी समाज के सांस्कृतिक जिम्मेदारी ह।

एह कला के सौंदर्य ओकरा में छुपल समाज के भावना, संघर्ष आ संवेदनशीलता में बा। हर आकृति, हर रंग आ हर रेखा भोजपुरिया समाज के आत्मा के झलके। एह खातिर ई जरूरी बा कि भोजपुरिया समाज एह कला के संरक्षण आ संवर्धन के दिशा में लगातार प्रयासरत रहे। जब भोजपुरी भित्ति–चित्रकला के सही मायने में समझल आ अपनावल जाई, त ई ना केवल भोजपुरी क्षेत्र, बलुक पूरा देश आ दुनिया के गर्व के विषय बने।

भोजपुरी भित्ति–चित्रकला के सौंदर्य केवल ओकर देखे में ना, बलुक ओकरा में छुपल संदेश में बा। ई कला भोजपुरिया समाज के सांस्कृतिक धरोहर ह, जेकरा के जिंदा राखे आ आगू बढ़ावे खातिर हर भोजपुरिया के प्रयास करे के जरूरत बा।

भोजपुरी भित्ति–चित्रकला के सबसे खास बात ई बा कि ई समाज के परंपरा आ विश्वास के साथ गहराई से जुड़ल बा। एह कला में देवी–देवता, लोककथा आ रोजमर्रा के जीवन के दृश्य उकेरल जाला। छठ पूजा, होली आ बियाह–शादी के अवसर पर बनल भित्तिचित्र भोजपुरिया संस्कृति के जीवंत रूप के प्रस्तुत करेला। एकर रंग आ रेखा लोककला के गहराई आ सुंदरता के उजागर करेला।

भित्ति–चित्रकला में रंग बनावे खातिर प्राकृतिक सामग्री के इस्तेमाल होला। माटी, गोबर, चूना, हरदी आ अन्य देसी सामग्री से रंग तैयार कइल जाला। ई प्रक्रिया ना केवल कला के प्राकृतिक बनावेला, बल्कि पर्यावरण के संग भी मेल–जोल बनाके राखेला। रंग चाहे सीमित होखे, लेकिन एकर प्रभाव गहरा आ अर्थपूर्ण होला।

भोजपुरी भित्ति–चित्रकला ना केवल धार्मिक आ सांस्कृतिक अभिव्यक्ति के माध्यम ह, बल्कि ई भोजपुरी समाज के सामूहिकता के भी प्रतीक ह। भित्ति–चित्र बनावे में पूरा परिवार आ गांव के लोग सामूहिक रूप से हिस्सा लेला। महिलाएं, बच्चा, आ युवा लोग मिलके ई चित्र बनावे में मदद करेला। एह सामूहिकता के कारण ई कला भोजपुरिया समाज के सामूहिक भावना के उजागर करेला।

भोजपुरी भित्ति–चित्रकला के महत्व केवल ओकर ऐतिहासिक आ सांस्कृतिक मूल्य में नइखे बल्कि ई भोजपुरिया समाज के जीवन–शैली, संघर्ष आ परंपरो के प्रतीक ह। ई कला में भोजपुरिया लोकजीवन के सादगी, मेहनत आ प्राकृतिकता झलकेला।

आज के समय में, आधुनिकता आ शहरीकरण के कारण भोजपुरी भित्ति–चित्रकला खतरा में पड़ल बा। नयका पीढ़ी के लोग एकरा परंपरा से दूर होत जा रहल बा। एह स्थिति में, ई जरूरी बा कि भोजपुरी भित्ति–चित्रकला के बचावे आ बढ़ावे खातिर प्रयास कइल जाव। सरकार, समाज आ गैर–सरकारी संगठन मिलके एह कला के संरक्षण आ प्रचार–प्रसार करे के काम कर सकेलें।

भोजपुरी भित्ति–चित्रकला के प्रोत्साहन खातिर विद्यालय आ कॉलेज में एकरा पर पाठ्यक्रम तैयार कइल जा सकेला। प्रतियोगिता आ कार्यशाला के माध्यम से युवा पीढ़ी के एकर महत्व समझावल जा सकेला। साथे, डिजिटल माध्यम, सोशल मीडिया आ ऑनलाइन मंच के उपयोग से एकरा प्रचार–प्रसार कइल जा सकेला।

भोजपुरी भित्ति–चित्रकला के आधुनिक संदर्भ में नया आयाम देवे खातिर एकरा में परंपरा आ नवाचार के मेल कइल जा सकेला। पारंपरिक आकृति आ शैली के आधुनिक डिजाइन आ विषय के साथ जोड़ के एकरा के विश्वस्तर पर पहुंचावल जा सकेला।

भोजपुरी भित्ति–चित्रकला भोजपुरिया समाज के सांस्कृतिक धरोहर ह। ई कला ना केवल भोजपुरिया लोकजीवन के सुंदरता आ सादगी के प्रतिबिंबित करेला बल्किन ई समाज के सामूहिकता आ रचनात्मकतो के प्रतीक ह। एह कला के संरक्षण, संवर्धन आ प्रचार–प्रसार भोजपुरिया समाज के सांस्कृतिक दायित्व बा।

भोजपुरी भित्ति–चित्रकला भोजपुरिया समाज के आत्मा के अभिव्यक्ति ह। ई कला भोजपुरिया जीवन के सजीव दस्तावेज ह, जेकरा में समाज के सादगी, सुंदरता आ संघर्ष झलकेला। एह कला के जिंदा राखे खातिर हमनी के प्रयासरत रहल जरूरी बा ताकि ई अनमोल धरोहर आगे आने वाली पीढ़ी खातिर प्रेरणा बन सके।

भोजपुरी भित्ति–चित्रकला के संदर्भ में नयी तकनीक आ नयी दृष्टि के समावेश एगो महत्वपूर्ण पहलू बा, जवन ई परंपरागत कला के नवजीवन दे सकेला। आज के समय में, जब डिजिटल युग आ वैश्वीकरण भोजपुरी संस्कृति पर प्रभाव डाल रहल बा, एह कला के न केवल बचावे के जरूरत बा बल्किन एकरा में आधुनिकता आ नवाचार के जोड़ के एकरा के नया पहचान दिहल जा सकेला।

भोजपुरी भित्ति–चित्रकला में नयी तकनीक के उपयोग के शुरुआत

